
दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली।। गुरुवार 11 जुलाई -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 272 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## राजनाथ सिंह के 73वें जन्मदिन पर पीएम मोदी सहित कई दिग्गज नेताओं ने दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अपने कैबिनेट सहयोगी और वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह को उनके जन्मदिन के अवसर पर शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा मंत्री भारत के रक्षा तंत्र को मजबूत करने में सबसे आगे हैं। वे एक ऐसे नेता हैं जिनका उनके ज्ञान के लिए व्यापक रूप से सम्मान किया जाता है।




वे कड़ी मेहनत और सेवा के प्रति प्रतिबद्धता के आधार पर सार्वजनिक जीवन में आगे बढ़े हैं।
वे भारत के रक्षा तंत्र को मजबूत करने और हमारे देश को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में सबसे आगे हैं। उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा।

**राजनाथ सिंह ने दिया धन्यवाद :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री को उनकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद देते हुए जवाब दिया और कहा कि भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जबरदस्त प्रगति की है। राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री जी, मैं आपके दयालु शब्दों के लिए बहुत आभारी हूं। आपके कुशल नेतृत्व में भारत ने जबरदस्त प्रगति की है। #आत्मनिर्भरभारत के लिए आपका दृष्टिकोण भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए एक प्रेरणा है। मुझे विश्वास है कि रक्षा में आत्मनिर्भरता का आपका लक्ष्य इस महान राष्ट्र की सामूहिक इच्छाशक्ति से हासिल होगा।

**अमित शाह ने राजनाथ सिंह को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी राजनाथ सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।




## समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री असीम अरुण का निर्देश

# सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार नहीं करेंगे बर्दाश्त

## कहा कार्यकर्ता का हो सम्मान और सुनी जाए उनकी बात

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार समाज कल्याण विभाग के राज्य मंत्री व गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने जिला कलैक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में जिले के तमाम विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और जीडीए उपाध्यक्ष, अपर नगर आयुक्त, जिलाधिकारी और खुद पुलिस कमिश्नर उपस्थित रहे। बैठक में प्रभारी मंत्री असीम अरुण का अंदाज बदला हुआ नजर आया। उन्होंने अधिकारियों को लापरवाही न करने का निर्देश दिया, तो वहीं कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर वह किसी भी तरह का समझौता नहीं करेंगे, अगर कोई कार्यकर्ता अधिकारियों के पास पहुंचता है तो सम्मान पूर्वक उसकी बात सुनी जाए। उसे बैठने के लिए कुर्सी दी जाए और अगर किसी अधिकारी से कोई पैसा मांग रहा है तो उसकी शिकायत सीधे जनप्रतिनिधि या उनको करें, वह ऐसे लोगों की खाट खड़ी कर देंगे। प्रभारी मंत्री का यह लहजा बता रहा था कि भाजपा पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में जो विषय मंत्री के सामने पहुंचे उसे लेकर वह नाराज हैं। प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ,यूपीसीडा पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम, सरकार की एमएसएमई योजना, यूपीकॉप पर करैक्टर सर्टिफिकेट को लेकर मिली शिकायत सहित कई अन्य विषयों पर जमकर फटकार लगाई और अधिकारियों को उनकी वर्किंग में सुधार लाकर गाजियाबाद को एक अच्छा प्लेटफार्म बनाने का निर्देश दिया है। समीक्षा बैठक भले थोड़ी देरी से शुरू हुई लेकिन जिस तरीके से मंत्री असीम अरुण का मीटिंग में अधिकारियों को दिशा निर्देश देने का तरीका था, वह बता रहा था कि मुख्यमंत्री के आदेशों का असर होना शुरू हो गया है।

### पुलिस से लेकर जीडीए तक के अधिकारियों को कहा जनसुनवाई हो ठोस



### राइट-टू-एजुकेशन के प्रजेंटेंशन से हुई मीटिंग की शुरुआत




करंट क्राइम : बुधवार को प्रभारी मंत्री असीम अरुण जिला कलैक्ट्रेट सभागार पहुंचे, तो वहां जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि गाजियाबाद में 10 लेखपालों की नियुक्ति हुई है। जिसमें से चार महिला लेखपाल बुधवार को उपस्थित रहीं। लेखपालों को मंत्री असीम अरुण ने प्रमाण पत्र दिए। जिसमें अपेक्षा, मनीषा, श्वेता और मोनिका उपस्थिति रही। इसके बाद समीक्षा बैठक शुरू हुई। जिसमें सबसे पहले शुरूआत राइट-टू-एजुकेशन के विषय को लेकर हुई। जिसमें प्रभारी मंत्री को जानकारी दी गई कि जिले में 6065 आवेदन थे और इसमें से 3158 छात्रों को प्रवेश मिल गया है। लगभग 261 प्रवेश अभी जुलाई माह में 15 तक कराए जाने हैं। इस दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिलाधिकारी व सीडीओ ने प्रभारी मंत्री को जानकारी दी कि ऐसे सात विद्यालयों की रिपोर्ट भी मान्यता खत्म करने के लिए भेजी गई है, जो ठीक प्रकार से राइट टू एजुकेशन अधिनियम का पालन नहीं करते हैं। उसमें प्रमुख तीन प्रमुख स्कूलों के नाम थे। इसी बीच प्रभारी मंत्री ने पूछा जब 15000 छात्रों को हम प्रवेश दे सकते हैं तो यह आधे से भी कम स्थिति में क्यों हैं।

### प्रभारी मंत्री बोले मैं 100 बच्चों की करूंगा खुद रैंडम जांच



करंट क्राइम : प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने कहा कि सरकार की मंशा है कि राइट-टू- एजुकेशन एक्ट के तहत बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले। ऐसे परिवार जो शिक्षा से वंचित रह जाते हैं, उनके बच्चे बेहतर शिक्षा पाएं ताकि वह अपना कल संवार सके। इस दौरान उन्होंने मौजूद अधिकारियों से कहा है कि उनको 100 ऐसे बच्चों की लिस्ट दी जाए जो दाखिला कराना चाहते हैं, ऐसे 10 बच्चों का दाखिला वह खुद करेंगे जो आवश्यकता योग्य होंगे।

### भाजपा कार्यकर्ता ने कहा निजी स्कूल लगवाते हैं चक्कर

करंट क्राइम : प्रभारी मंत्री असीम अरुण की जिला कलैक्ट्रेट मुख्यालय पर बैठक चल रही थी। वह राइट- टू-एजुकेशन विषय पर अधिकारियों से समीक्षा बैठक में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान भाजपा पदाधिकारी सुशील गौतम ने नेहरू नगर के एक स्कूल का नाम लेते हुए कहा कि यहां राइट-टू-एजुकेशन एक्ट के तहत बच्चों का दाखिला कराने के लिए स्कूल सौइयों चक्कर लगवा देता है। परिवार और परिजन इतने परेशान हो जाते हैं कि वह एडमिशन का ख्याल ही अपने मन से निकाल देते हैं।

### इन्वेस्टर मीट की सफलता का हुआ जिक्र

करंट क्राइम : प्रभारी मंत्री असीम अरुण की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि गाजियाबाद में लगभग 270 प्रोजेक्ट का काम शुरू हो चुका है। तो वहीं एमएसएमई योजना में उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद दूसरे नंबर पर है जबकि ऐसा प्रयास किया जा रहा है कि यह पहले नंबर पर हो जाए। प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने कहा कि गाजियाबाद को नंबर वन पर लाना चाहिए और यह यहां के अधिकारियों की जिम्मेदारी भी है। गाजियाबाद राजस्व और अन्य सुविधा वाला बड़ा जिला है, इसीलिए उनकी जिम्मेदारी अधिक बनती है।

### प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी से कहा गाजियाबाद में बने मॉडर्न वृद्धाश्रम

करंट क्राइम : प्रभारी मंत्री को जिले के अधिकारियों ने बताया कि गाजियाबाद में कनौजिया के पास एक जमीन है, जिसके लिए दो करोड़ रुपए शासन से मिले थे। अब 7 करोड़ रुपए की और आवश्यकता है लेकिन मामला अभी अटका हुआ है। यहां जो प्रोजेक्ट बना था वह अभी अधूरा पड़ा है। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि यहां एक वृद्धाश्रम और बच्चों के लिए बाल आश्रम बनाया जाना चाहिए ताकि दोनों एक ही छत के नीचे रह सके। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि बनारस में एक योजना के तहत वहां बड़ा वृद्धाश्रम मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर बनाया जा रहा है। ऐसा ही कुछ प्लान गाजियाबाद को लेकर करना चाहिए गाजियाबाद दिल्ली से सटा हुआ है और हम यहां वृद्धाश्रम और बाल आश्रम एक साथ बनाकर ऐसी मिसाल पेश करें कि खुद एचआरडी मिनिस्ट्री या अन्य किसी केंद्रीय मंत्री को लाकर इस मॉडल को प्रदर्शित कर सके।

### प्रभारी मंत्री ने पूछा प्लेज पार्क का क्या हुआ

करंट क्राइम : समीक्षा बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह और सीडीओ के साथ ही श्रम एवं उद्योग के विषय पर बातचीत करते हुए पूछा कि गाजियाबाद में जो तीन प्लेज पार्क बनने थे उनका क्या हुआ। उन्होंने कहा कि प्लेज पार्क सरकार की एक ऐसी योजना है, जिससे गाजियाबाद को एक अलग पहचान और लोगों को रोजगार के साथ ही व्यवसाय के अवसर मिल सकते हैं लेकिन अभी तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई या प्रक्रिया शुरू न किया जाना बेहद आश्चर्यजनक है।

### ट्रेड फेयर लगाने की दी मंत्री ने सलाह

करंट क्राइम : इस दौरान प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने जिलाधिकारी और विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को गाजियाबाद में एक ट्रेड फेयर लगाने की सलाह दी है। जिसमें प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने वाले लोगों से लेकर बिल्डर्स और अन्य प्रमुख उद्योगों को बुलाने के लिए उन्होंने प्लान बनाने को कहा है। इसका मकसद यह है कि अधिकारी यह जान पाए कि इन्वेस्टर क्या सरकार और लोकल प्रशासन से चाहता है ताकि उन्हें मुहैया कराकर जिले की स्थिति को मजबूत किया जा सके।

### जब यूपीसीडा के अधिकारी बोले कब्जा कराने के लिए नहीं मिली पुलिस फोर्स

करंट क्राइम : समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री असीम अरुण यूपीसीडा के अधिकारियों से उनके प्रोजेक्ट के बारे में और विकास कार्यों की जानकारी ले रहे थे। इसी दौरान यूपीसीडा के अधिकारी ने बताया कि लोनी में एक जमीन थी, उसकी पुलिस के साथ मिलकर चार दिवारी करवा दी गई थी लेकिन आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस फोर्स नहीं मिला, इसलिए काम रुका हुआ है। इस पर उन्होंने पुलिस कमिश्नर की ओर देखा और हैरानी जाहिर की।

### मंत्री असीम अरुण ने कहा कार्यकर्ताओं का हो सम्मान, सुनी जाए बात और बैठने के लिए मिले कुर्सी

करंट क्राइम : समीक्षा बैठक के दौरान जब उगाही और भ्रष्टाचार वाला मामला आया तो उसके बाद प्रभारी मंत्री असीम अरुण का अंदाज बदल गया। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में थे। जहां पर भ्रष्टाचार और अधिकारियों द्वारा जनसुनवाई न करने की शिकायतें मिली हैं। अधिकारी अपने कार्यालय के दरवाजे बंद रखते हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता का सम्मान हो। उनकी बात सुनी जाए, उनको बैठने के लिए कुर्सी दी जाए। अगर कोई पार्टी पदाधिकारी गलत काम करता है तो वह काम न किए जाएं। साथ ही भ्रष्टाचार को लेकर अगर किसी अधिकारी की शिकायत आती है तो यह ठीक नहीं है। साथ ही मंत्री असीम अरुण ने अधिकारियों से कहा कि अगर उनसे कोई पैसे मांग रहा है या कोई अन्य परेशानी है तो वह सीधे फोन करें, अगर किसी अधिकारी से कोई पैसों की डिमांड कर रहा है तो वह उसकी खाट खड़ी कर देंगे।



### विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा दोषी अधिकारियों पर होनी चाहिए कार्रवाई

करंट क्राइम : समीक्षा बैठक के दौरान जब गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा भ्रष्टाचार और अवैध उगाही का मुद्दा उठाया गया, तो इस पर विधायक अजीत पाल त्यागी ने सहमति जताते हुए कहा कि मंत्री जी जो अधिकारी यहां मौजूद थे, उनके समय में गलत तरीके से कार्य किए गए या निर्माण हुए उन अधिकारियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि यह प्रदेश के लिए एक नजीर बने और अधिकारी गलत काम करने से भी कतराएं।

### जब प्रभारी मंत्री ने नोट कराई यूपी कॉप कैरेक्टर सर्टिफिकेट की शिकायत

करंट क्राइम : समीक्षा बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने पुलिस कमिश्नर की ओर देखते हुए कहा कि यूपी कॉप पर कैरक्टर सर्टिफिकेट की शिकायत मिल रही हैं। इस पर भी ध्यान दिया जाए।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी ने खोली अधिकारियों की पोल



करंट क्राइम : कलैक्ट्रेट सभागार में बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री और गाजियाबाद के प्रभारी असीम अरुण समीक्षा बैठक ले रहे थे। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी ने यूपीएसआईडीसी के अधिकारियों की पोल खोलने वाली जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मंत्री जी आप लोनी जाकर खुद देख सकते हैं यहां की सड़कों का हाल बुरा है। लोग डबल साइड सड़क में एक तरफ चलते हैं। जलभराव है, हमेशा सीवर की समस्या झेलनी पड़ती है। पिछली बार जो लोनी में बाढ़ से नुकसान हुआ था उसका भी अभी तक मुआवजा नहीं मिला है।

### जब भाजपा नेता गोपाल अग्रवाल ने उठाया जीडीए के नोटिस और अवैध उगाही का मुद्दा



करंट क्राइम : समीक्षा बैठक के दौरान भाजपा पदाधिकारी गोपाल अग्रवाल ने मुरादनगर का हवाला देते हुए कहा कि यहां जीडीए द्वारा लगभग 90 हजार लोगों को अलग-अलग टैक्स लगाकर नोटिस भेजे और लोगों से भ्रष्टाचार के नाम पर अवैध उगाही की गई है। उन्होंने कहा कि जो लोग नक्शे पास कराने में अपनी जमीन को नियमित करना चाहते हैं, उसके लिए भी अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे हैं। इस पर प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने नाराजगी जाहिर की और जिलाधिकारी व जीडीए उपाध्यक्ष से इस विषय को जल्द सुलझाने के लिए कहा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जब तक कुछ नई योजना या कोई आदेश नहीं आता तब तक इस प्रकार की कोई अवैध वसूली या भ्रष्टाचार की शिकायतें नहीं मिलनी चाहिए।

### मंत्री ने कहा कार्यकर्ता को 4 घंटे चौकी पर बैठाया गया

करंट क्राइम : प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति पर क्या कहा जाए जब कार्यकर्ता को चार घंटे चौकी पर बैठाया जाएगा। प्रभारी मंत्री का इतना कहना था कि बगल में बैठे पुलिस के अधिकारी हैरान रह गए। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि यह किस चौकी और कि भाजपा कार्यकर्ता का मामला था लेकिन पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि पूरा मामला सिटी थानाक्षेत्र की एक चौकी का था और मामला मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र के एक पार्षद से जुड़ा हुआ है।



### जब गुलदस्ते को लेकर प्रभारी मंत्री ने पुलिस अधिकारी को याद दिलाया सीएम का प्रोटोकॉल

करंट क्राइम : प्रभारी मंत्री समीक्षा बैठक के लिए जिला मुख्यालय पहुंचे थे। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा उनका स्वागत किया गया, फिर पुलिस अधिकारी ने उन्हें गुलदस्ता दिया। तो मंत्री असीम अरुण ने कहा कि मुख्यमंत्री का प्रोटोकॉल स्वागत को लेकर याद रखना चाहिए। इसके बाद उन्होंने गुलदस्ते में से एक गुलाब का फूल लिया और मुस्कुराते हुए कार्यक्रम स्थल की ओर बढ़ गए।

### महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा बड़े पौधे लगाए जाएं



करंट क्राइम : समीक्षा बैठक के दौरान महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने मंत्री द्वारा वन महोत्सव के तहत 40 करोड़ पौधे लगाने की जानकारी दी, तो भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि ऐसे पौधे लगाए जाएं जो चार से पांच फीट बड़े हों। छोटे पौधे अमूमन मर जाते हैं या उनकी ठीक प्रकार से देखरेख नहीं हो पाती है।

### 20 जुलाई को वन महोत्सव में लगाए जाएंगे 40 करोड़ पौधे

करंट क्राइम : प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने जिलाधिकारी और नगर निगम, स्वास्थ्य, उद्यान एवं जीडीए के अधिकारियों से बातचीत की है कि वन महोत्सव को लेकर 40 करोड़ वृक्ष पूरे प्रदेश में लगाए जाने हैं। गाजियाबाद को भी बड़ा लक्ष्य मिला है उसे ठीक प्रकार से हासिल किया जाए। जो पौधे लगाए जाए उनकी बाकायदा जियो टैगिंग हो और देखरेख रखी जाए कि कौन पेड़ जीवित है। उन्होंने कहा कि पेड़ों को बचाना ही हमारी मंशा होनी चाहिए।

# एक्सप्रेस-वे पर दर्दनाक हादसा, सड़क पर लग गया लाशों का ढेर... 18 की मौत

## 19 से अधिक यात्री घायल







**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में बुधवार सुबह लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे भीषण सड़क हादसा हुआ। डबल डेकर बस एक टैंकर से टकरा गई। टकराने के बाद हाईवे पर बस कई बार पलटी। दर्दनाक हादसे में 18 यात्रियों की जान चली गई, जबकि 19 से अधिक यात्री घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, डबल डेकर बस बिहार के शिवगढ़ से राजधानी दिल्ली जा रही थी।

जैसे ही स्लीपर बस लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर बेहटा मुजावर थाना इलाके में हवाई पट्टी पर पहुंची तो दूध से भरे टैंकर में भिड़ गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। जिस जगह पर हादसा हुआ, वहां लाशों का अंबार लग गया। सड़क पर लाश ही लाश दिखाई दे रहीं थीं। मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में एक बच्चे और महिलाओं समेत 18 यात्रियों की मौत हो गई। जबकि 20 यात्री गंभीर रूप से जख्मी हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। शुरूआती जांच में पता चला है कि बस की स्पीड अधिक थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया स्लीपर बस अनियंत्रित होकर टैंकर से टकराई थी, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ है। हादसा इतना भीषण था कि इसे देखकर घटनास्थल पर मौजूद लोग सहम गए।

**लखनऊ-आगरा** एक्सप्रेसवे पर बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गढ़ा गांव के सामने हुए सड़क हादसा के बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं, पुलिस ने कुछ मृतकों की शिनाख्त कर ली है।

उन्नाव के जिला अधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि दिल्ली जा रही एक निजी बस में करीब 57 यात्री सवार थे। सुबह 5:15 बजे बस की दूध के कंटेनर से टक्कर होने से 18 लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। करीब 20 लोग सुरक्षित हैं, जिन्हें दिल्ली भेजा जा रहा है। छह लोगों को ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है, बाकी का इलाज जिला अस्पताल में हो रहा है। हमारे पास इलाज के लिए पर्याप्त व्यवस्था है और हम जल्द से जल्द सभी आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

उन्नाव एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा ने बताया कि लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर एक बस एक दूध के कंटेनर से टकरा गई, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई और 19 लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। 5 घायलों को बेहतर उपचार के लिए लखनऊ रेफर किया गया है।

मृतक और घायलों की पहचान की जा रही है, हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिए गए हैं। पीएमओ ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि प्रधानमंत्री ने उन्नाव में हुए हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।



**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू** ने उत्तर प्रदेश के उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर हुई सड़क दुर्घटना पर दुख जताया। उन्होंने लिखा कि हादसे में अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखदाई है। ऐसी आकस्मिक मृत्यु का शिकार हुए लोगों के परिवार के सदस्यों के प्रति मैं गहन शोक संवेदनाएं व्यक्त करती हूं तथा घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।



**उत्तर प्रदेश सीएम योगी आदित्यनाथ** ने उन्नाव ज़िले में हुई सड़क दुर्घटना का संज्ञान लिया और मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए।



**उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक** ने कहा, आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क दुर्घटना हुआ है, 18 लोगों के हताहत और 19 लोगों के घायल होने की खबर है। घायलों को उच्च स्तरीय अस्पतालों में ले जाया जा रहा है, उन्नाव, कानपुर के सभी अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया है।

# दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश, उमस से लोगों को राहत

## कई जगहों पर भरा पानी, बढ़ी परेशानी



**नई दिल्ली।** मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली समेत उत्तर भारत में अगले पांच दिनों तक बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली और एनसीआर में बारिश बीते दो दिनों से रूक रूककर हो रही है। दिल्ली समेत एनसीआर के कई इलाकों में बारिश का सिलसिला जारी है। कई जगहों पर रूक-रूककर बारिश हो रही है। जिसकी वजह से सड़कों और गलियों में पानी भर गया है। कई जगहों पर ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने आशंका जताई है कि एनसीआर में अगले दो घंटे में मध्यम से तेज बारिश होगी। जानकारी के लिए बता दें कि बुधवार दोपहर को दिल्ली के कश्मीरी गेट, चांदनी चौक जैसे इलाकों में बारिश हुई। वहीं गाजीपुर में हल्की बारिश हुई। गाजियाबाद और नोएडा में रूक रूक कर बारिश हो रही है। आसमान में बादल छाए हुए हैं।

### दिल्ली में बारिश का बना रिकॉर्ड

राजधानी में बीते मंगलवार को हुई बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया था। हवा में हल्की ठंडक महसूस हुई। लगभग 30.8 एमएम बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक बारिश लोदी रोड और सफदरजंग में रिकॉर्ड की गई है। वहीं, सबसे कम बारिश मयूर विहार में दर्ज हुई। बारिश से अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री और न्यूनतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया।

### इस सप्ताह ऐसा रहेगा दिल्ली में मौसम

मौसम विभान ने बुधवार को जानकारी देते हुए कहा कि अगले पांच दिनों के दौरान उत्तराखंड, मध्य भारत, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगिट, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

# कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस कमिश्नरेट में हुई यूपी और दिल्ली पुलिस की कोऑर्डिनेशन मीटिंग

## इस बार बनेंगे चार कंट्रोल रूम और 30 एंबुलेंस की अतिरिक्त व्यवस्था



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आगामी कांवड़ यात्रा महोत्सव को लेकर कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, रूट प्लान के संबंध में बुधवार को पुलिस लाइन के परमजीत हॉल में इंटर स्टेट कोऑर्डिनेशन मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट मेरठ, बुलंदशहर, बागपत, हापुड़ के साथ ही दिल्ली पुलिस के अधिकारी भी मौजूद रहे।

मीटिंग में एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बागपत, हापुड़, बुलंदशहर और मेरठ के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर प्लानिंग की गई। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार कांवड़ यात्रा के दौरान इस बार विशेष रूप से 30 अतिरिक्त एंबुलेंस एनएचआई द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं बेहतर संचार व्यवस्था के लिए तीन कंट्रोल रूम और एक यातायात कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा।

वाहनों के डायवर्सन के संबंध में ट्रैफिक पुलिस सोशल मीडिया और मीडिया के माध्यम से एडवाइजरी जारी करेगी। साथ ही ट्रैफिक डायवर्जन का प्लान ऐसा बनाया जाएगा कि आम लोगों को परेशानी कम से कम हो।

### बड़ी संख्या में लगेंगे कैमरे और ड्रोन से होगी निगरानी

**करंट क्राइम :** कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए एडवाइजरी प्लान से लेकर व्यापार मंडल, उद्योग व्यापार मंडल, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, रोडवेज के साथ ही कई जिलों और दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक की गई है। बैठक में खासतौर से रूपरेखा बनी है कि अधिक से अधिक मार्ग सीसीटीवी की जद में रखे जाएं।

इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले देहात, सिटी और ट्रांस हिंडन जोन में ड्रोन के माध्यम से विशेष निगरानी रखने का काम होगा। बड़ी संख्या में पुलिस बल और कांवड़ियों के भेष में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती दी जाएगी। इसके साथ ही राउंड द क्लॉक ड्यूटी चार्ट लगाया जाएगा। बैठक में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, दिल्ली पुलिस के एडीसीपी ट्रैफिक आर सत्यम सुंदरम, अपर पुलिस आयुक्त शिव हरी मीणा गौतमबुद्धनगर, कानून व्यवस्था एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था ट्रैफिक कल्पना सक्सेना के साथ ही कांवड़ यात्रा के सभी प्रभारी अलग-अलग जनपदों से आए अधिकारी इस बैठक में शामिल रहे।

# चीन से तस्करी कर लाया गया 108 किलो गोल्ड

## आईटीबी ने पकड़ा दो गिरफ्तार



**जम्मू।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में सोने की एक बड़ी खेप पकड़ी गई है। आईटीबीपी के जवानों ने चीन से तस्करी कर लद्दाख में लाई गई 108 किलो सोने की खेप को जब्त किया है। इस मामले में दो तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। प्रदेश के जिला लेह के न्योमा सेक्टर में दो आरोपी धरे गए हैं।

21 बटालियन आईटीबीपी के जवानों ने घोड़ों के साथ दो तस्करों से 108 किलोग्राम सोने की खेप पकड़ी। दोनों आरोपियों की पहचान त्सेरिंग चिनबा और स्टैनजिन दोरग्याल निवासी कोयुल, न्योमा के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास कोयुल गांव में एक व्यक्ति के घर में कई करोड़ रुपये का सोना रखा हुआ था। इसकी खुफिया जानकारी मिल रही थी। इन सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए आईटीबीपी और स्थानीय पुलिस ने सोने की जब्ती की है। दोनों ने कथित तौर पर सोने की तस्करी की और इसे गांव में अपने घर पर रखा। मामले में लद्दाख पुलिस की जांच चल रही है।

# देश संविधान से चलता है, कुरान और गीता से नहीं : भाजपा नेता जुगल किशोर



लखनऊ। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम महिलाओं के हक में एक बड़ा फैसला सुनाया है। अब सीआरपीसी की धारा 125 के तहत मुस्लिम महिला तलाक के बाद अपने पति से गुजारा भत्ता की मांग कर सकती है। कोर्ट के इस फैसले के बाद राजनीति भी शुरू हो गई है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर भाजपा हमला कर रही है। वहीं सपा के नेता भी पलटवार कर रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता जुगल किशोर ने कहा कि देश संविधान से चलता है, कुरान और गीता से नहीं। संविधान के तहत देश के हर नागरिक को समान अधिकार है। कांग्रेस और दूसरे दलों के लोग जो खुद को सेकुलर समझते हैं और कहते हैं शरीयत में ये नही है वो नही है। अब सुप्रीम कोर्ट ने कह दिया है कि मुस्लिम महिलएं संवैधानिक हक पाने की अधिकारी हैं। वहीं समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता फखरूल हसन चांद ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पहले भी मुस्लिम महिलाओं की ओर से गुजारा भत्ते के लिए कोर्ट में रोज याचिका डाली जाती रही है। अब सुप्रीम कोर्ट का इस मामले पर निर्णय आ चुका है।

इससे तलाकशुदा महिलाओं को राहत मिलेगी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट का आदेश हर समाज की माता-बहनों के लिए हो तो ज्यादा बेहतर है। उन सभी महिलाओं को गुजारा भत्ता मिलना चाहिए जो तलाकशुदा हैं। या किसी और कारणों से वो घर पर हैं और उन्हें छोड़ दिया गया है। समाजवादी पार्टी समझती है कि ऐसी सभी महिलाओं को गुजारा भत्ता मिलना चाहिए। हम समझते हैं कि सुप्रीम कोर्ट का यह उचित फैसला है। भाजपा पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि उनके पास सिर्फ हिंदू-मुसलमान के मुद्दे हैं। वो सिर्फ इस पर ही चर्चा कराना चाहते हैं। वो तीन तलाक पर बात करते हैं, लेकिन दूसरे धर्म की जो बहनें हैं उनके मुद्दों पर बात नहीं करते। यह भाजपा की नीति है।

इस पर हमें कोई टिप्पणी नहीं करनी है। देश की सबसे बड़ी अदालत का फैसला जब तीन तलाक पर आया था तो उसे भी सबने स्वीकार किया था। संविधान से बड़ा कुछ नहीं है। बता दें कि तेलंगाना के एक मुस्लिम व्यक्ति ने अपनी तलाकशुदा पत्नी को भत्ते के रूप में 10,000 रुपये देने के हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस पर फैसला सुनाया।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 125 सभी धर्म की महिलाओं पर लागू होती है। इसलिए उन्हें गुजारा भत्ता लेने के लिए याचिका दाखिल करने का अधिकार है।

# बांग्लादेश से आते थे किडनी डोनर और खरीदार, भारत में ऑपरेशन



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने अंतर्राष्ट्रीय किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक नामी महिला डॉक्टर समेत सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई महिला डॉक्टर एक बड़े अस्पताल में काम करती है। आरोपी डोनर को साढ़े तीन लाख रुपये देते थे और प्राप्तकर्ता से 20 से 22 लाख रुपये लेते थे। बताया जा रहा है कि किडनी रैकेट तीन वर्ष से ज्यादा समय से चल रहा था।

किडनी का गैरकानूनी धंधा बांग्लादेश व भारत में बड़े पैमाने पर फैला हुआ है। गिरोह चार साल में करीब 500 लोगों की किडनी गैरकानूनी तरीके से प्रत्यारोपित कर चुके हैं। इसका खुलासा किडनी रैकेट के पदार्फाश के बाद हुआ। किडनी बदलने के दौरान चार लोगों की जान भी जा चुकी है। किडनी प्रत्यारोपण अधिकतर नोएडा के यथार्थ व अपोलो में अस्पताल हुए हैं। दिल्ली के एक बड़े प्रतिष्ठित अस्पताल में केवल टेस्ट व जांच होती थीं। अपराध शाखा के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरोह बांग्लादेश में ज्यादा सक्रिय था। गिरोह के सदस्य गरीब लोगों को भारत में नौकरी दिलाने के बहाने दिल्ली ले आते थे। भारत में उन्हें जसोला में किराए पर मकान लेकर या फिर गेस्ट हाउस में रखते थे। इसके बाद ये उन लोगों का पासपोर्ट जब्त कर लेते थे। इसके बाद गरीब बांग्लादेशियों पर किडनी डोनेट करने का दबाव बनाते थे। उनसे कहा जाता था कि नौकरी तभी मिलेगी जब आप किडनी बेचोगे। इसकी एवज में उन्हें पैसे का भी लालच दिया जाता था। मजबूरन पीड़ित किडनी देने को तैयार हो जाता था। दूसरी तरफ ये बांग्लादेशियों के डायलिसिस अस्पतालों पर नजर रखते थे। वहां जरूरतमंदों से संपर्क साधते थे। ये किडनी प्राप्तकर्ता को भारत ले आते थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार नोएडा के एक अस्पताल से उसके सहायक विक्रम के बैंक खाते में पैसे आते थे। डॉक्टर के बैंक खाते में 90 हजार से एक लाख रुपये आते थे, जबकि नोएडा के ही दूसरे अस्पताल में वह मरीज से खुद पैसे लेती थी। इसके बाद वह सभी को पैसे बांटती थी। वह अपनी पूरी टीम के साढ़े तीन लाख से चार लाख रुपये रख लेती थी। अस्पताल को एक किडनी प्रत्यारोपण का चार लाख रुपये दिया जाता था।

जांच के दौरान यह पाया गया कि डॉ. डी. विजया राजकुमारी का निजी सहायक विक्रम सिंह रोगियों की फाइलें तैयार करने में सहायता करता थे और रोगी और डोनर का हलफनामा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था। विक्रम सिंह आरोपियों से प्रति मरीज 20000 लेता था। रसेल ने अपने एक सहयोगी के रूप में मोहम्मद शारिक का नाम भी बताया। मोहम्मद शारिक डॉ. डी. विजया राजकुमारी से मरीजों का अपॉइंटमेंट लेता था और पैथोलॉजिकल टेस्ट करवाता था और डॉक्टर की टीम से संपर्क करता था। मोहम्मद शारिक प्रति मरीज 5000 से 60000 लेता था। दो आरोपी व्यक्तियों विक्रम सिंह और मोहम्मद शारिक को 23 जून को गिरफ्तार कर लिया।

### आरोपी बांग्लादेश के अस्पतालों पर रखते थे नजर

आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि गिरोह के सदस्य बांग्लादेश में डायलिसिस केंद्रों पर जाकर किडनी की बीमारी से पीड़ितों को निशाना बनाते थे। ये किडनी डोनर भी बांग्लादेश में ही ढूंढते थे। डोनर को भारत लाया जाता था और फिर पासपोर्ट जब्त कर उन्हें किडनी देने के लिए मजबूर किया जाता था। इसके बाद आरोपी रसेल और इफ्ति अपने सहयोगियों मोहम्मद सुमन मियां, मोहम्मद रोकन उर्फ राहुल सरकार और रतेश पाल के माध्यम से प्राप्तकताओं/डोनर के बीच संबंध दिखाने के लिए जाली दस्तावेज तैयार करते थे। जाली दस्तावेज के आधार पर अस्पतालों से प्रारंभिक चिकित्सा जांच कराते थे। इसके बाद दिल्ली व नोएडा के अस्पतालों में किडनी ट्रांसप्लांट करवाते थे।

**सूचना**

दिनांक 27-7-24 को दयानन्द स्मारक जूनियर हाई स्कूल धेदा मुरादनगर गाजियाबाद में प्रातः 10 : 00 बजे स्कूल प्रांगण में चुनाव होगा।

चुनाव अधिकारी राजेन्द्र सिंह उपाध्यक्ष
दयानन्द स्मारक जू० हा०
स्कूल मुरादनगर।

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गाजियाबाद।**

पत्रांक - 3448 मु.चि.अ. टेण्डर 2024 — दिनांक 08.07.2024

**ई-निविदा सूचना**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गाजियाबाद के अधीन निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इस हेतु ई-निविदा तकनीकी एवं वित्तीय ऑफर बिड दिनांक 12-07-2024 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 05 08.2024 को अपराह्न 400 बजे तक वांछित निविदा प्रपत्र शुल्क एवं वांछित अग्रिम धरोहर राशि जमा करते हुए निविदा ऑन लाईन etender.up.nic.in पर अपलोड की जा सकती है। जो दिनांक 06 08 2024 को अपरान्ह 03:00 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी।

| क्र सं. | सामग्री का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) जी०एस०टी० सहित | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी०एस०टी० सहित (रु. में) | अग्रिम धरोहर राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चिकित्सालयों /आवासीय/ अनावासीय भवनों की वार्षिक मरम्मत/ विशेष मरम्मत /सडक /रंगाई-पुताई / जलापूर्ति / सेनेटरी आदि समस्त सिविल कार्य | 90.00 लाख | 15930 | 90500 |
| 2. | चिकित्सालय/आवासीय / अनावासीय भवनों के विद्युत अनुरक्षण एवं रिवायरिंग का कार्य | 50.00 लाख | 8850 | 50500 |

किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। कार्य का विवरण, नियम व शर्तें etender.up.nic.in में देखी जा सकती है तथा कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है जिसके विरूद्ध किसी भी न्यायालय में वाद दाखिल नहीं किया जा सकेगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
गाजियाबाद।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। गुरुवार 11 जुलाई-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

## विधानसभा उपचुनाव को लेकर शुरू हो गई तैयारी

### निर्वाचन विभाग ने कर दी ईवीएम फर्स्ट लेवल चैकिंग की तैयारी



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है। चुनाव आयोग को इसकी अधिसूचना जारी करनी है। सूत्र बताते हैं कि निर्वाचन विभाग वाली तैयारी शुरू हो गई है। ईवीएम की फर्स्ट लेवल चैकिंग शुरू हो गई है। इसके बाद सैंकेंड लेवल चैकिंग होगी। ईवीएम की जांच के बाद इसे मतदान के लिए दुरूस्त किया जा रहा है। ये तैयारी शुरू हो गई है और सूत्र बताते हैं कि निर्वाचन विभाग जुलाई माह के अंत तक अपनी ईवीएम वाली तैयारियों को लेकर पूरी तरह अपडेट हो जायेगा।

# प्रभारी मंत्री के सामने जमकर निकले कार्यकर्ताओं के उद्‌गार









**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रभारी मंत्री असीम अरूण चुनाव के बाद गाजियाबाद आये। उन्होंने राजनगर एक्सटेंशन के बैंकट हॉल में पहले कार्यकताओं के साथ समीक्षा बैठक की।

पार्टी की ओर से जो ब्रीफ किया गया वो अलग है लेकिन मौके पर देवतुल्यों की जुबान से ऑफ द रिकार्ड जो बाहर आया उसमें सही मायनों में उनके मन का उद्गार बाहर आया। सभी ने अपनी अपनी बात रखी और कार्यकताओं के टारगेट पर सबसे पहले पुलिस फिर जीडीए, नगर निगम और प्रशासन के अधिकारी रहे। सबका यही कहना था कि अधिकारी सुनते नहीं है। अधिकारी हावी हो गये हैं। दलाली बढ़ गई है।

## महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने उठाया अत्याधिक ट्रैफिक चालान का मुद्दा



**करंट क्राइम।** महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने यातायात पुलिस द्वारा किये जा रहे अत्याधिक चालान के मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक उल्लंघन पर चालान होना चाहिए लेकिन इन दिनों मोबाइल से अत्याधिक चालान हो रहे हैं। इसके लिए चौराहों पर सीसीटीवी सिस्टम होना चाहिए, जिसमें स्पष्टता हो। इसके अलावा इस बैठक में किसी पदाधिकारी को चार घंटे चौकी में बिठाने का मामला भी सामने आया। क्षेत्रीय महामंत्री अनुसूचित मोर्चा प्रदीप चौहान ने सफाई कर्मचारियों के स्थायीकरण का मुद्दा उठाया। पार्षद नीलम भारद्वाज ने आवारा कुत्तों का मामला उठाया।

## योजनाओं के लाभ से कार्यकर्ता ही हो रहा है वंचित

**करंट क्राइम।** बैठक में ये मुद्दा भी उठा कि योजनाओं का लाभ कार्यकताओं को भी मिलना चाहिए। जबकि कार्यकर्ता ही इससे वंचित है। आयुष्मान कार्ड का विषय उठा और बताया गया कि इसमें 6 यूनिट की अनिवार्यता होने से भाजपा का मूल वोटर ही इससे वंचित है। इस पर पुर्नविचार होना चाहिए।

## जब राजेन्द्र त्यागी ने उठाया बढ़े हुए हाउस टैक्स का मुद्दा और कमांडर आये साथ



**करंट क्राइम।** भाजपा के सीनियर पार्षद राजेन्द्र त्यागी इस बैठक में मौजूद थे। राजेन्द्र त्यागी ने बढ़े हुए हाउस टैक्स का मुद्दा उठाया और दस्तावेजों के साथ अपनी बात रखी। उन्होंनें कहा कि अधिकारी अपनी मर्जी से हाउस टैक्स बढ़ाते हैं। ना बोर्ड की राय ले रहे हैं ना कार्यकारिणी की सहमति ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के इस कदम से अर्बन वोटर की नाराजगी बढ़ रही है। ये अतिरिक्त हाउस टैक्स जनता पर बोझ है। अधिकारी फैसले लेते हैं और भाजपा को चुनाव में इस जननाराजगी की कीमत चुकानी पड़ती है। जब राजेन्द्र त्यागी ने मूद्दा उठाया तो महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा भी उनके साथ आये। संजीव शर्मा ने इस मुद्दे पर समर्थन देते हुए कहा कि लगभग साढे पांच लाख परिवार कर दाता हैं। इससे उन पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा और साढे पांच लाख परिवार अगर इस फैसले से नाराज होते हैं तो ये फैसला सरकार का फैसला माना जाता है और इसका नुकसान पार्टी को होता है।

## जब अजय शर्मा ने बताई कैरेक्टर सर्टिफिकेट वाली बात



**करंट क्राइम।** भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा कुशल वक्ता हैं और अपनी बात को सलीके और स्पष्टता से रखते हैं। शब्दों के पैरामीटर को जानते हैं और जब अजय शर्मा ने माइक थामा और उन्होंने करैक्टर सर्टिफिकेट से पूरी व्यवस्था का सच सामने रख दिया। सरकारी कर्मचारी सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य नहीं कर रहे हैं। सरकार ने ऑनलाइन सिस्टम से लेकर जन सुनवाई का समय ही इसलिए निर्धारित किया है कि जनता के काम समय से हों। सरकार के कामों में पारदर्शिता रहे। लेकिन तीन महीने पहले मैंने खुद अपना चरित्र प्रमाण पत्र ऑनलाइन एप्लाई किया था। लेकिन चरित्र प्रमाण पत्र आज तक नहीं बना।

## जब पब्लिक होती है साथ तो अधिकारी करते हैं भाजपा नेताओं को इग्नोर

**करंट क्राइम।** देवतुल्यों ने दिल का हाल सुनाया और बताया कि अधिकारी सुनते नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर अधिकारी के पास भाजपा का मंडल अध्यक्ष, इलाके का नेता, पार्षद अगर पब्लिक को साथ लेकर जाता है तो अधिकारी जान बूझकर इग्नोर करते हैं। कार्यकताओं ने कहा कि हमारा भी मान सम्मान है। यहां पर एक बात ये भी आई कि जब कोई नेता विधायक या अन्य पद पर आ जाता है तो वो भी कार्यकताओं को सम्मान नहीं देता है। कार्यकर्ता का सम्मान जरूरी है।

## हम कब तक बजायें ताली, 20 हजार पद हैं खाली

**करंट क्राइम।** प्रभारी मंत्री सामने थे और दल वाले दिल की बातें रख रहे थे। अधिकारी सुनते नहीं है अधिकारी तवज्जो नहीं देते हैं और इन सबके बीच में ये मुद्दा भी उठा कि कार्यकर्ता का काम केवल ताली बजाना नहीं है। बताया गया कि 20 हजार ऐसे सरकारी पद खाली हैं जिन पर कार्यकताओं को समायोजित किया जा सकता है। डेढ साल से ये पद खाली पड़े हैं। अगर कार्यकताओं को इनसे नावाजा जाता तो उनका मान सम्मान बढ़ता।

## प्रभारी मंत्री ने सुनी मन की बात, तब ये नेता कार्यकर्ता थे उनके साथ

**करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के सामाजिक कल्याण मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा से वार्ता करने के उपरान्त महानगर पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और वरिष्ठ भाजपाईयों के साथ एक कार्यकर्त्ता बैठक का आयोजन राजनगर एक्सटेंशन में रेड वेलवेट लीफ के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने की। बैठक के दौरान कार्यकताओं ने प्रशासन पुलिस, निगम हाऊस टैक्स, विद्युत विभाग, वृक्षारोपण को लेकर निगम जीडीए वन विभाग की भूमिका को लेकर आदि विषयगत अपने विचार प्रभारी मंत्री असीम अरुण से साझा किए। प्रभारी मंत्री ने सभी विषयों को संज्ञान में लेकर उन पर तत्काल कार्य करने का आश्वासन दिया। बैठक में अध्यक्ष संजीव शर्मा, बलदेव राज शर्मा, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा राजा वर्मा, पूर्व अध्यक्ष अमर दत्त शर्मा, अरविन्द भारतीय, अजय शर्मा, सरदार एसपी सिंह, अशोक मोंगा, विजय मोहन, पृथ्वी सिंह कसाना, पूर्व विधायक प्रशान्त चौधरी, हातम सिंह नागर, वीरेश्वर त्यागी, राजेश्वर प्रसाद, राजेंद्र त्यागी, अनिल स्वामी, प्रदीप चौहान, महामंत्री पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, राजेश त्यागी, सुशील गौतम, बॉबी त्यागी, रनिता सिंह , प्रदीप चौधरी, कुलदीप त्यागी, संजीव चौधरी, संजय रावत, इंदु जौहरी, संजीव झा, बीएल गौतम, संजय कांत शर्मा, उदिता त्यागी, अनीता शर्मा, भक्ति सिंह, नीलम भारद्वाज, शीतल चौधरी, मधुकर त्यागी, संजय सिंह, विजेंद्र चौहान, अभिनव जैन आदि उपस्थित रहे।

# दैनिक करंट क्राइम की खबर पर पंजाबी और त्यागी समाज ने दिखाई अपनी नाइत्तेफाकी

## कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा शहर सीट पर 70 नहीं पचास हजार है ब्राह्मणों की संख्या




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दैनिक करंट क्राइन ने बुधवार के अंक में एक सर्वे रिपोर्ट का जिक्र किया था। इस खबर में ये पहले ही स्पष्ट किया गया था कि जानकारी सूत्रों के अनुसार है और आंकड़े की संख्या संभावित है लेकिन इतना तय है कि सूत्र पुष्ट हैं और सर्वे वाली बात में दम है। ये सर्वे शहर विधानसभा सीट पर हुआ है और सर्वे में विभिन्न जातियों के मतदाताओं की संख्या का एक अनुमान बताया गया था।

खबर उपचुनाव से पहले आई है और अपने साथ जातीगत मतदाताओं की संख्या का अनुमानित डाटा लेकर आई है। इस खबर पर अलग अलग समाजों की मिली जुली प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है। पंजाबी समाज और त्यागी समाज के चेहरे संभावित आंकड़ों से भी सहमत नहीं है। वो कह रहे हैं कि




आंकड़े गलत हैं। कौन गलत है कौन सही है ये बहस का विषय नहीं है और समाचार पत्र दैनिक करंट क्राइम अपने पाठकों का खुला मंच है और साझा मंच भी है। यहां हम अपने पाठकों की भावनाओं की भी केयर करते हैं और उनके विचारों को भी शेयर करते हैं। सब अपनी बात रख सकते हैं। चुनाव का समय है और ये सभी जानते हैं कि दावेदारी में जातीय संतुलन भी साधा जाता है। लिहाजा सब अपनी अपनी बात रख रहे हैं।

## पंजाबी समाज के प्रमुख चेहरे का दावा हम संख्या में है 40 हजार



**करंट क्राइम।** शहर सीट पर संख्या को लेकर पंजाबी समाज का भी रिएक्शन है। यहां दरअसल जो चेहरे डायरेक्ली और इनडायरेक्टली बाईइलैक्शन से कनैक्टिड है। उन्हीं के रिएक्शन है और उन्हीं के रिएक्ट है। पंजाबी समाज के बड़े चेहरे का दावा है कि जो आंकड़े आये हैं। मैं उससे नाइत्तेफाकी रखता हूं। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद के सबसे पहले विधायक ही सरदार तेजा सिंह थे। तब से अब तक पंजाबी समाज की सियासी सक्रियता रही है। उन्होनें कहा कि अब पंजाबी शहर के हर गली मौहल्ले में मिलेगे। उन्होंने दावा किया कि पंजाबी मतदाताओं की संख्या 40 हजार है। उन्होंने कहा कि वह आने वाले चार दिन में आंकड़ों के हिसाब से अपने आंकड़ों की पुष्टि भी कर देंगे। पंजाबी समाज के प्रमुख चेहरे ने कहा कि कीर्तन वाली गली, भूड़ भारत नगर, रेलवे कॉलोनी, में पंजाबी जनसंख्या रहती है। उनका दावा है कि अकेले रेलवे कॉलोनी में दस हजार से ज्यादा पंजाबी समाज के लोग हैं। इसके अलावा गांधी नगर, लाल क्वार्टर, पीले क्वार्टर, प्रताप विहार, पुराना विजयनगर, जगदीश नगर, गोपाल नगर, लोहिया नगर, विवेकानन्द नगर, तुराब नगर, सरायनजर अली, प्रेम नगर, पंचवटी और आर्यनगर में बड़ी संख्या में पंजाबी समाज के लोग रहते हैं। इस चेहरे ने उदाहरण देते हुए कहा कि पंजाबी समाज के पवन शर्मा, अंजुला नागपाल और हरीश नागपाल चुनाव लड़े थे और अच्छी खासी संख्या में वोट लेकर आये थे।

## कांग्रेस के बिजेन्द्र यादव ने कहा 50 हजार हैं ब्राह्मण और दलित वोटों की संख्या है एक लाख से अधिक





**करंट क्राइम।** कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष बिजेन्द्र यादव राजनीति का एक लंबा अनुभव लिए हुए हैं। संगठन से लेकर चुनाव लड़ने का अनुभव है और शहर की भौगोलिक संरचना से लेकर चुनावी संरचना की जानकारी रखते हैं। उन्होंने कहा कि मैं दैनिक करंट क्राइम की जातिगत आंकड़ों की खबर से इत्तेफाक नहीं रखता हूं। उन्होंने कहा कि शहर विधानसभा क्षेत्र में ब्राह्मण वोटों की संख्या 50 हजार से ज्यादा नहीं है और इसमें भी 50 ज्यादा हैं संख्या 45 ही निकलेगी। लेकिन बिजेन्द्र यादव ने कहा कि शहर विधानसभा सीट पर दलित वोटों की संख्या एक लाख प्लस है और मुस्लिम वोटों की संख्या 70 से 80 हजार है जबकि पिछड़ी जाती कि प्रजापति, गडियार, सैनी जाति के वोट 40 हजार के आस पास होंगे।

## बड़े चेहरे की मुनादी शहर सीट पर हैं हम तीस हजार त्यागी

**करंट क्राइम।** दैनिक करंट क्राइम की सर्वे रिपोर्ट के बाद अब सभी दलों के नेता अपनी अपनी संख्या को लेकर दावा कर रहे हैं। इस कड़ी में त्यागी समाज के बड़े सियासी चेहरे का दावा है कि हम शहर सीट पर ही तीस हजार से ज्यादा हैं। त्यागी समाज के ये चेहरे संघ से लेकर भाजपा तक अपनी मजबूत पकड़ रखते हैं। उनकी जानकारी के लोग कायल हैं और उन्होंने कहा कि विषय यह नहीं है कि किस पार्टी ने सर्वे कराया। बल्कि विषय यह है कि सही बात सामने आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर विधानसभा क्षेत्र में आने वाले चार गांव ही त्यागी बाहुल्य गांव हैं। नासिरपुर, डूडाहेडा, बोझां और सिहानी का क्षेत्र त्यागी बाहुल्य क्षेत्र है। इसके अलावा विजयनगर में त्यागी वोट की संख्या काफी है। सिहानी गेट क्षेत्र बोंझा की जमीन पर है। उन्होंने दावा किया मॉडल टाऊन से लेकर शहर के कई मौहल्लों में त्यागी समाज के परिवार है। इन परिवारों की वोट हैं और अकेले शहर विधानसभा क्षेत्र में ही 30 हजार त्यागी निवास करते हैं।

## क्या वरिष्ठ हैं भाजपा में पनप रहे नए कल्चर को लेकर नाराज

### पदविहीन लोगों को मिलती है मंच पर कुर्सी और पदाधिकारियों को बैठना पड़ता है सामने सौफे पर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है और यहां पर अपेक्षित शब्द का ध्यान विशेष रूप से तब रखा जाता है जब माइक, मंच, माला का सीन होता है। भाजपा के वरिष्ठ चेहरे और जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग इन दिनों अपनी अनदेखी से नाराज हैं। उन्हें भाजपा का नया कल्चर पसंद नहीं आ रहा। वो अपनी बात रख रहे हैं और विवाद भी नहीं चाहते हैं। उन्होंने कई ऐसे मौके गिनाये हैं जब पद विहीन लोग मंच पर कुर्सी पा जाते हैं और पदाधिकारियों को सामने की कुर्सी और सौफों पर बैठना पड़ता है। एक लॉबी का कहना है एक वरिष्ठता का सम्मान होना चाहिए। पद विहीन मंचों पर रहे और पदाधिकारी खड़े रहे ये अच्छी बात नहीं। हमें जनता के बीच जाना है और अगर बड़े जनप्रतिनिधि बड़े पदाधिकारी भी जन्मदिन की बधाई और केक में उलझेंगे तो वो जनता के बीच सरकार की नीतियों को लेकर कब पहुंचेगें। सादगी का परिचय देने की शुरूआत होनी चाहिए और अनावश्यक आयोजन से ज्यादा जरूरी पार्टी की नीतियों को जनता के बीच लेकर जाना है। वीआईपी कल्चर से बचना होगा और वरिष्ठता का सम्मान करना होगा। कार्यकर्ता के यहां पहुंचना जरूरी है।

## कोबरा पहुंचा हवालात

### गाजियाबाद के मधुबन थाने में मची सनसनी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बुधवार को दिन में बारिश हुई थी और मौसम बदला हुआ था। इसी बीच देर शाम मधुबन बापूधाम थाने की हवालात में पुलिसकर्मियों ने कोबरा सांप देखा। काले रंग के लंबे कोबरा सांप को देख पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में थाने के पुलिसकर्मियों ने वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे वन विभाग के स्टाफ ने कोबरा सांप को कब्जे में किया और वहां से लेकर उसे जंगल में छोड़ दिया। बताया जा रहा है कि थाने की हवालात में जैसे ही सिपाही ने कोबरा देखा तो थाने में पुलिसकर्मियों की हलचल बढ़ गई थी। इसी के साथ कोबरा निकलने का वीडियो भी सामने आया है। बता दें कि मधुबन बापूधाम थाना खेतों से और हरियाली वाले इलाके से सटा हुआ है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि कोबरा सांप खेतों के रास्ते थाने की बैरक में जाकर बैठ गया था। गनीमत थी कि जिस दौरान कोबरा सांप बैरक में मिला उस वक्त हवालात में कोई मौजूद नहीं था।

### पुलिसकर्मियों में देखी गई दहशत

थाने की हवालात में कोबरा मिलने की जानकारी जब महिला और अन्य पुलिस स्टाफ को हुई तो यह सूचना थाने की लोकल ग्रुप में भी फैल गई। जिसके बाद कई पुलिसकर्मी थाने में दहशत में भी देखे गए। बता दें कि अमूमन बारिश के दिनों में सांप और जंगली जीव थाने के आसपास पहले भी देखे गए हैं।

# नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष पद पर बालचंद बंसल और सूरजपाल सिसौदिया ने किया नामांकन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बार एसोसिएशन गाजियाबाद के चुनाव के लिए नामांकन के पहले दिन नौ पदों के लिए 27 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे हैं। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए दो और सचिव पद के लिए एक नामांकन पत्र जमा किया गया है। अध्यक्ष पद के लिए जहां सूरजपाल सिंह सिसोदिया और बालचंद बंसल ने पहले ही दिन अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया। तो वहीं सचिव पद के लिए अमित नेहरा ने नामांकन जमा किया है। बता दें कि गुरुवार को बार एसोसिएशन चुनाव के नामांकन प्रक्रिया का अंतिम दिन है। अधिवक्ताओं से मिली जानकारी के अनुसार बार अध्यक्ष पद के लिए चार अधिवक्ता मैदान में हैं। तो सचिव पद के लिए भी चार ही प्रमुख चेहरे अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

## पहले दिन नौ पदों के लिए 27 उम्मीदवारों ने भरे नामांकन पत्र



### इन्होंने किया नामांकन

**अध्यक्ष पद :** बालचंद बंसल और सूरजपाल सिंह सिसोदिया ।
**सचिव :** अमित नेहरा ।
**सहसचिव :** सोनिका।
**वरिष्ठ उपाध्यक्ष :** संजीव कुमार उपाध्याय, अभय कुमार हजेला, आदेश कुमार गर्ग, शबनम खान व पंकज श्रीवास्तव ।
**कनिष्ठ उपाध्यक्ष :** अमित अधाना, यश शर्मा व आदेश कुमार।
**कोषाध्यक्ष :** योगेंद्र कुमार शर्मा, संजय कुमार कश्यप, सचिन कुमार और खुशनुमा परवीन।
**वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य :** रविंद्र शर्मा, राजीव गुर्जर, मुकेश कुमार सिद्धार्थ, अनिल कुमार, नौशाद चौधरी।
**कनिष्ठ सदस्य :** दीपांशु त्यागी, विपिन कौशिक, अंकित मित्तल, संदीप सिंहव देवेंद्र कुमार चौहान और सुशील यादव।

### सुबह 10 से 3 बजे तक चली नामांकन की प्रक्रिया

करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद के सचिव स्नेह त्यागी ने बताया है कि नामांकन की प्रक्रिया सुबह 10 बजे से लेकर 3 बजे तक चली। इस दौरान 27 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। इस मौके पर एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राम अवतार गुप्ता, ब्रजकिशोर व एससी सक्सेना ने नामांकन पत्र स्वीकार करने का काम किया।

## संपादकीय

# आतंक का सामना

पिछले कुछ दिनों से जम्मू–कश्मीर में आतंकी जिस तरह सक्रिय होते दिख रहे हैं, वह चिंताजनक है। उनकी बढ़ती हुई सक्रियता का अर्थ है कि न तो सीमा पार से आतंकियों की घुसपैठ पर लगाम लग पा रही है और न ही उनके दुस्साहस का दमन हो पा रहा है। यह ठीक है कि बीते दिनों कुलगाम में दो मुठभेड़ों में छह आतंकी मारे गए, लेकिन हम इसकी अनदेखी नहीं कर सकते कि इस दौरान हमारे दो जवान बलिदान हुए।

आतंकियों को मार गिराने के क्रम में सुरक्षा बलों के क्षति उठाने का सिलसिला बंद होना चाहिए। यह सिलसिला पाकिस्तान प्रायोजित छद्म युद्ध का ही परिचायक है। यह ठीक नहीं कि इसकी कीमत भारत तो चुका रहा है, लेकिन पाकिस्तान का कुछ नहीं बिगड़ रहा है। अच्छा यह होगा कि आतंकवाद के खिलाफ अभियान इस तरह चलाया जाए, जिससे सुरक्षा बलों को क्षति न उठानी पड़े।

इसके साथ ही इस पर भी गंभीरता से विचार करना होगा कि पाकिस्तान को आतंकियों की घुसपैठ कराने और उनकी सहायता करने से कैसे रोका जाए। इस पर विचार इसलिए आवश्यक है, क्योंकि पहले सर्जिकल स्ट्राइक और फिर एयर स्ट्राइक के जरिये पाकिस्तान को जो सबक सिखाया गया था, वह उसे भूल चुका है।

पाकिस्तान को नए सिरे से सबक सिखाना इसलिए जरूरी है, क्योंकि उसकी ओर से प्रायोजित आतंकवाद के चलते जम्मू–कश्मीर में आम नागरिकों के साथ–साथ सुरक्षा बल के जवान भी निशाना बन रहे हैं।

भारत सरकार को यह समझना ही होगा कि पाकिस्तान जब तक जम्मू–कश्मीर में आतंकियों की घुसपैठ कराने और उन्हें हथियार उपलब्ध कराने में समर्थ बना रहेगा, तब तक आतंकवाद पर नियंत्रण नहीं पाया जा सकता। यह पाकिस्तान की ओर से जम्मू–कश्मीर में आतंकवाद फैलाने का ही प्रतिफल है कि यहां सक्रिय आतंकियों के दुस्साहस पर लगाम नहीं लग पा रही है।

इसका प्रमाण यह है कि बीते दिनों आतंकियों ने पहले राजौरी में सेना के एक ठिकाने पर हमला किया, फिर कठुआ में। इन दोनों घटनाओं में भी सेना को क्षति उठानी पड़ी। इसके पहले भी जम्मू–कश्मीर में कई आतंकी घटनाएं घट चुकी हैं, जिनमें नागरिकों के साथ सेना को भी क्षति उठानी पड़ी है।

चिंता की बात यह है कि इधर आतंकी जम्मू और कश्मीर, दोनों क्षेत्रों में अपनी गतिविधियां बढ़ाते हुए दिख रहे हैं। एक ऐसे समय जब जम्मू–कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तैयारी की जा रही है, तब आतंकियों को सिर उठाने का मौका बिल्कुल भी नहीं दिया जाना चाहिए।

इसमें सफलता तभी मिलेगी, जब एक ओर जहां जम्मू–कश्मीर में अलगाव और आतंक के खुले–छिपे समर्थकों के खिलाफ कड़ाई बरती जाएगी, वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान को भी यह सीधा संदेश दिया जाएगा कि वह आतंकवाद को बढ़ावा देकर चैन से नहीं रह सकता। पाकिस्तान तब तक सीधे रास्ते पर नहीं आने वाला, जब तक उसे जम्मू–कश्मीर में आतंकवाद फैलाने की कीमत नहीं चुकानी पड़ती।

# म्यूचुअल फंड्स में जून में हुआ 40,608 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश, एयूएम 60 लाख करोड़ के पार




**नई दिल्ली।** इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में जून में शुद्ध निवेश मासिक आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 40,608.19 करोड़ रुपये हो गया है, जोकि मई में 34,697 करोड़ रुपये था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) की ओर से जारी किए गए डेटा में यह जानकारी मिली। जून में म्यूचुअल फंड के जरिए एसआईपी से होने वाले निवेश में भी बढ़त देखने को मिली है। बीते महीने 21,262 करोड़ रुपये की एसआईपी हुई है। मई में यह आंकड़ा 20,904 करोड़ रुपये और अप्रैल में 20,371 करोड़ रुपये पर था। बड़ी मात्रा में निवेश आने के कारण जून में पहली बार म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 60 लाख करोड़ रुपये के स्तर के पार हो गया है। 30 जून 2024 को यह 61.16 लाख करोड़ रुपये पर था। केयरएज रेटिंग में सीनियर डायरेक्टर संजय अग्रवाल का कहना है कि बीते 40 महीनों से इक्विटी फंड्स में इनफ्लो मजबूत बना हुआ है। चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद इसमें और तेजी देखने को मिली है। सभी कैटेगरी (ईएलएसएस फंड्स और फोकस्ड फंड्स कैटेगरी को छोड़कर) में अच्छा निवेश आया है। सेक्टोरल और थीमेटिक फंड्स में सबसे ज्यादा (55 प्रतिशत) निवेश में बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, डेट म्यूचुअल फंड स्कीम में जून में 1,07,357.62 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी देखने को मिली है। इसकी वजह जून तिमाही में कॉरपोरेट्स पर एडवांस टैक्स की देनदारी को माना जा रहा है, जिसके कारण निकासी हुई है। वहीं, लिक्विड फंड्स में 80,354.03 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई है। ओवरनाइट फंड्स से 25,142 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई है। वहीं, मनी मार्केट फंड्स में 9,590 करोड़ का शुद्ध निवेश हुआ है। गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में जून में 726.16 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है, मई में यह आंकड़ा 827.43 करोड़ रुपये पर था।

# शेयर बाजार में ऊपरी स्तरों से मुनाफावसूली, सेंसेक्स 80 हजार के नीचे लुढ़का



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए बुधवार का कारोबारी सत्र नुकसान वाला रहा। बाजार के सभी मुख्य सूचकांक लाल निशान में बंद हुए हैं। बाजार में गिरावट की वजह उच्च स्तरों पर मुनाफावसूली को माना जा रहा है। सेंसेक्स 426 अंक या 0.53 प्रतिशत गिरकर 79,924 और निफ्टी 108 अंक या 0.45 प्रतिशत गिरकर 24,324 पर बंद हुआ। बाजार में गिरावट का सबसे ज्यादा असर बैंकिंग शेयरों पर देखने को मिला। निफ्टी बैंक 379 अंक या 0.72 प्रतिशत गिरकर 52,189 पर बंद हुआ। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में कम गिरावट थी। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 156 अंक या 0.27 प्रतिशत गिरकर 56,921 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 167 अंक या 0.88 प्रतिशत गिरकर 18,789 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, भारती एयरटेल और सन फार्मा टॉप गेनर्स हैं। एमएंडएम, टाटा स्टील, टीसीएस, एचसीएल टेक, एसबीआई और विप्रो टॉप लूजर्स हैं। सेक्टर के हिसाब से देखें तो ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, मेटल, मीडिया और प्राइवेट बैंक लाल निशान और फार्मा और एफएमसीजी हरे निशान में बंद हुए हैं। एलकेपी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ तकनीकी और डेरिवेटिव एनालिस्ट कुणाल शाह का कहना है कि बैंक निफ्टी में ऊपरी स्तरों से बिकवाली देखने को मिली और यह 52,500 के रुकावट के स्तर को तोड़ने में नाकामयाब रहा। इंडेक्स में 52,000 से लेकर 51,800 का एक मजबूत स्तर है। अगर 52,500 का स्तर टूटता है तो 53,000 का आंकड़ा देखने को मिल सकता है। अगर बैंक निफ्टी 51,800 के नीचे जाता है, तो यह 51,300 और 51,000 के आंकड़े को छू सकता है।

# गुजरात में जमीन आवंटन मामले में अदाणी पोर्ट्स को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत



**नई दिल्ली।** अदाणी समूह को बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को गुजरात हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें राज्य सरकार से अदाणी पोर्ट्स और एसईजेड को आवंटित 108 हेक्टेयर जमीन वापस लेने को कहा गया था। जस्टिस बी.आर. गवई और के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने ये फैसला सुनाया। गुजरात सरकार द्वारा करीब 108 हेक्टेयर जमीन वापस लेने के खिलाफ अदाणी पोर्ट्स ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने अब इस मामले पर गुजरात सरकार से जवाब मांगा है। यह जमीन कच्छ जिले में मुंद्रा बंदरगाह के पास स्थित है। मामला 2005 का है, जब अदाणी पोर्ट्स को 108 हेक्टेयर जमीन आवंटित की गई थी। 2010 में जब अदाणी पोर्ट्स ने जमीन पर बाड़ लगाना शुरू किया, तो वहां के नवीनल गांव के लोगों ने हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर कर दी और अदाणी पोर्ट्स को 231 हेक्टेयर चारागाह भूमि के आवंटन को चुनौती दी। उन्होंने तर्क दिया कि गांव में चारागाह भूमि की कमी है और इस आवंटन से उनके पास केवल 45 एकड़ भूमि ही बचेगी। 2014 में, राज्य सरकार द्वारा यह कहने के बाद कि चारागाह के लिए 387 हेक्टेयर सरकारी भूमि देने का आदेश दिया गया है, कोर्ट ने मामले का निपटारा कर दिया। फिर 2015 में, राज्य सरकार ने हाई कोर्ट में एक रिव्यू पिटीशन दायर की और कोर्ट से कहा कि ग्राम पंचायत को आवंटित करने के लिए केवल 17 हेक्टेयर भूमि ही उपलब्ध थी। इसने प्रस्ताव दिया कि वह शेष भूमि यहां से लगभग 7 किलोमीटर दूर आवंटित कर सकती है। ग्रामीणों ने इसे यह कहते हुए खारिज कर दिया कि मवेशियों के चरने के लिए यह बहुत दूर है।

# वित्त वर्ष 25 में मजबूत रहेगी इलेक्ट्रिक बसों की मांग



**नई दिल्ली।** केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से क्लीन एनर्जी पर जोर दिए जाने के कारण देश में इलेक्ट्रिक बसों की मांग चालू वित्त वर्ष में मजबूत रह सकती है। बुधवार को जारी की गई एक रिपोर्ट में यह जानकारी मिली है। पिछले साल, सरकार ने पीएम ई-बस सेवा स्कीम लॉन्च की थी। इसके तहत 169 शहरों में 10,000 इलेक्ट्रिक बस चलाने के लिए 2.4 अरब डॉलर का फंड आवंटित किया गया था। केयरएज रेटिंग्स की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में बताया गया कि कमर्शियल वाहनों के मार्केट में छोटी हिस्सेदारी होने के बावजूद भी वित्त वर्ष 21 से लेकर वित्त वर्ष 24 में ईवी सेगमेंट में बढ़त देखने को मिली है। रिपोर्ट में बताया गया कि सेगमेंट में वृद्धि दर दिखाने वाले इंडिकेटर जैसे ईवी इन्फ्रास्ट्रक्चर, मार्केट शेयर में वृद्धि और ईवी अपनाने की दर में इजाफा हो रहा है। यह बदलाव ई-बस और लाइट कमर्शियल व्हीकल (एलसीवी) कैटेगरी में दिख रहा है। वित्त वर्ष 24 मे बड़ी इलेक्ट्रिक बस यानी हैवी पैसेंजर व्हीकल (ई-एचपीवी) के पंजीकरण में इजाफा देखने को मिला। इस दौरान करीब 3,400 इलेक्ट्रिक बसों का पंजीकरण हुआ। वित्त वर्ष 21 में यह आंकड़ा 217 यूनिट्स का था। वहीं, इस दौरान लाइट पैसेंजर व्हीकल (ई-एलपीवी) का पंजीकरण बढ़कर 10,500 यूनिट्स हो गया है जो कि पहले 360 यूनिट्स था।

भारत सरकार की ओर से क्लीन एनर्जी के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके तहत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए कई इंसेंटिव दिए जा रहे हैं। इसमें मैन्युफैक्चरिंग ऑफ हाइब्रिड एंड इलेक्ट्रिक व्हीकल (एफएएमई) स्कीम और नेशनल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन प्लान जैसी स्कीमें शामिल हैं।

## राशिफल

**मेष:** आप अपना आत्मविश्वास फिर से हासिल करेंगे और पूरे समर्पण के साथ काम में लगे रहेंगे जिससे सकारात्मक विकास होगा।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। परिवार का पूरा प्यार और सहयोग मिलेगा। पुरानी यादों को ताजा करने से आप काफी खुश महसूस करेंगे।

**मिथुन:** कार्यक्षेत्र में आपकी मान–प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और मान–सम्मान में वृद्धि होगी। गृहस्थ जीवन में आज कुछ उतार–चढ़ाव आ सकता है।

**कर्क:** मित्रों या रिश्तेदारों को आपकी कमी महसूस हो सकती है। आपकी कुछ अच्छी बैठकें हो सकती हैं और कुछ अवसरों पर कुछ धन लाभ भी हो सकता है।

**सिंह:** व्यवसायी नई योजनाओं और साझेदारी में प्रवेश कर सकते हैं। वेतनभोगी लोग बैठकों में भाग लेंगे जिससे उन्हें तरक्की मिलेगी।

**कन्या:** आज व्यापार में अचानक धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा. ऑफिस में कुछ सहकर्मी आपके काम में आपका साथ देंगे, जिससे आपका काम जल्द ही पूरा हो जाएगा।

**तुला:** नए रिश्तों से निकटता आपके लिए फायदेमंद रहेगी. उत्साह और प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी के क्षेत्र में साथ काम करने वालों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक:** साथ में काम करने वाले कुछ लोग आपके लिए मददगार हो सकते हैं। जिनसे आपने शायद ही कोई उम्मीद दी हो वो आज आपकी मदद कर सकते हैं।

**धनु:** अपने विचारों को दूसरों के सामने व्यक्त करने में आपको कठिनाई हो सकती है। अगर आप परिवार में सबसे छोटे हैं तो बड़े भाई–बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। ऑफिस में अतिरिक्त काम करने से रुके हुए काम जल्दी पूरे हो सकते हैं। किसी भी विवाद में पड़ने से बचना चाहिए।

**कुंभ:** आज आपका पारिवारिक जीवन सौहार्दपूर्ण रहेगा. जीवन की सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आपको अपने जीवन साथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

**मीन:** आज आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है। नौकरी में सब कुछ सामान्य रखने के लिए आपको अपने स्तर पर कुछ प्रयास करने चाहिए।

## चुटकुले

पहला दोस्त – खुशी और अफसोस की मिक्स फीलिंग कब आती है...?
दूसरा दोस्त – मुझे क्या पता, तू ही बता दे।
पहला दोस्त – जब स्कूल में साथ पढ़ी हुई लड़की बोल दे कि
मैं उन दिनों तुमको बहुत पसंद करती थी...!

---

दो महिलाएं आपस में बात कर रही थी...
बेलन भी एक विचित्र यंत्र है...
जिससे रोटी गोल होती है
और पति सीधा...!

---

आदमी ही आदमी का स्वभाव जानता है...
जैसे कि
ग्राहक – एक लेडिज ड्रेस चाहिए...!
दुकानदार – बीवी के लिए चाहिए या
कोई और अच्छी सी दिखाऊं...!

## रोचक तथ्यों का करंट

- पिस्ता आंखों की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है, क्योंकि इसके सेवन से दृष्टि में सुधार होता है।
- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन–ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी–ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।
- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है।





दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)


प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रतिष्ठित डूरंड कप ट्रॉफी का अनावरण किया

**नई दिल्ली।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र (आरबीसीसी) में आयोजित एक कार्यक्रम में ऐतिहासिक फुटबॉल टूनामेंट डूरंड कप के 133वें संस्करण के लिए ट्रॉफियों का अनावरण किया। तीन ट्रॉफियों के अनावरण के बाद कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों के साथ एक समूह फोटो ली गई। फोटो सत्र के बाद, राष्ट्रपति, उपस्थित सभी लोगों के साथ, डूरंड कप ट्रॉफी दौरे की शुरूआत करने ध्वजारोहण समारोह के लिए बाहर निकलीं। राष्ट्रपति ने कहा, डूरंड कप भारत का सबसे पुराना फुटबॉल टूनार्मेंट है। यह एक ऐसा टूनार्मेंट है जिसमें विजेता तीन ट्रॉफी जीतता है: डूरंड कप, प्रेसिडेंट कप और शिमला ट्रॉफी। यह टूनार्मेंट लगभग 135 वर्षों से चल रहा है। मुझे बताया गया है कि शिमला ट्रॉफी 1904 में शिमला के स्थानीय लोगों द्वारा खिलाड़ियों को प्रदान की गई थी। भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने टूनार्मेंट के 1950 के संस्करण के विजेताओं को प्रेसिडेंट कप दिया था और तब



से हर विजेता को यह पुरस्कार मिलता है। तीनों ट्रॉफियां एक परंपरा है।" कार्यक्रम में कई हाई प्रोफाइल मेहमानों के बीच भारतीय फुटबॉल के सर्वकालिक अग्रणी स्कोरर सुनील छेत्री भी मौजूद थे। एक महीने पहले फुटबॉल से संन्यास लेने वाले पूर्व भारतीय कप्तान ने डूरंड कप की काफी सराहना की। ह्लबहुत समय पहले इसी डूरंड कप में मुझे पता चला था। दिल्ली में एक छोटे बच्चे के रूप में, मुझे यहीं खोजा गया और मुझे बड़ा ब्रेक मिला और इस तरह मेरी यात्रा शुरू हुई। छेत्री ने कार्यक्रम में कहा, यह सिर्फ कोई टूनार्मेंट नहीं है, यह बहुत सारे इतिहास, परंपरा और संस्कृति के साथ एक बहुत ही महत्वपूर्ण टूनार्मेंट है और मैं इस मंच पर डूरंड कप के बारे में बात करते हुए इससे अधिक खुश नहीं हो सकता। टूनार्मेंट का 2024 संस्करण चार शहरों विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन और किशोर भारती क्रीड़ांगन (कोलकाता), जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (जमशेदपुर), जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम (शिलांग), और एसएआई स्टेडियम (कोकराझार) में होगा। टूनार्मेंट का 2024 संस्करण 27 जुलाई को शुरू होने वाला है और फाइनल 31 अगस्त को होगा। टूनार्मेंट में 13 आईएसएल टीमें, पांच आई-लीग टीमें, तीन सेवाओं की टीम, बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल), सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सेवा बल), दो स्थानीय टीमें और बांग्लादेश और नेपाल की सेवा टीमें शामिल होंगी।

# गौतम गंभीर को कोच बनाना बीसीसीआई का मास्टर प्लान !

**नई दिल्ली।** गौतम गंभीर टीम इंडिया के नए मुख्य कोच बन चुके हैं। करीब-करीब आठ साल बाद गौतम गंभीर टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में श्रीलंका में वापसी करेंगे। बस फर्क यह है कि वो इस बार बतौर खिलाड़ी नहीं, बल्कि कोच की भूमिका में नजर आएंगे। अब सवाल यह है कि डायरेक्ट कोचिंग का अनुभव नहीं होने के बावजूद भी आखिर वो क्या वजहें हैं, जो बीसीसीआई गंभीर को ही कोच बनाना चाहती थी। वैसे तो गौतम गंभीर ने आईपीएल में लगातार तीन साल टीमों के मेंटॉर की भूमिका निभाई है, लेकिन उन्हें किसी भी स्तर पर डायरेक्ट कोचिंग का अनुभव नहीं है। मगर उनकी 'विनिंग मेंटैलिटी' (यानी दिमाग में जीतने का जज्बा और यकीन) ने उनकी काबिलियत साबित की है। 2007 और 2011 के विश्व कप फाइनल्स को कौन भूल सकता है? 2011 विश्व कप फाइनल में 97 रनों की पारी आज भी फैंस के जेहन में ताजा है। वहीं, उनकी आईपीएल टीम केकेआर में उनका जज्बा जिसने अपने दम पर टीम को दो बार चैंपियन बनाया। दिलचस्प बात यह है कि केकेआर ने तीसरी बार भी गौतम गंभीर के नेतृत्व में ट्रॉफी जीती, बस फर्क इतना था कि वो इस बार मेंटॉर की भूमिका में थे। गंभीर पहले भी कई बार कह चुके हैं कि उनके दिमाग में सिर्फ जीत चलती है, जिसके लिए वो कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। गंभीर का रिकॉर्ड भी इसका गवाह है। यानी गंभीर जानते हैं कि बड़े मुकाबलों में कैसे सबसे दमदार प्रदर्शन करना होता है। यह ऐसा मोर्चा है जहां टीम इंडिया पिछले 10 वर्षों में कई बार लड़खड़ाई। वहीं, बात चाहे नई तकनीक और एडवांस क्रिकेट की हो गंभीर हर मायने में नए लड़कों के साथ तालमेल बिठा सकते हैं। खैर, ये बातें तो आंकड़े अनुभव और हार-जीत को लेकर हो गई। मगर कई पैमाने ऐसे भी हैं जहां गंभीर को कोई अन्य दावेदार इस पद के लिए



चुनौती नहीं दे पाया। करीब-करीब यह बात तय थी कि अगर गौतम गंभीर टीम इंडिया का मुख्य कोच बनने के लिए तैयार होते हैं तो उनकी नियुक्ति पक्की है। ऐसे में अब सवाल उठता है, आखिर गंभीर इस पद के लिए बीसीसीआई के फेवरेट कैंडिडेट क्यों थे। क्या बीसीसीआई के पास कोई अन्य ऑप्शन नहीं था? दरअसल, बीसीसीआई के इस पद के लिए दावेदारों की कमी नहीं थी, लेकिन सच यही है कि गौतम गंभीर के मुकाबले उनके सामने कोई अन्य नाम नहीं था। अभी तक हम आंकड़ों पर बात कर रहे थे, अब हम टीम के भविष्य और रणनीतियों पर बात करते हैं। राहुल द्रविड़ की जगह अब गौतम गंभीर भारतीय टीम के मुख्य कोच होंगे। उनका कार्यकाल साल 2027 तक रहेगा। वह श्रीलंका के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज से भारतीय दल का हिस्सा बनेंगे। गंभीर के लगभग 3 साल के कार्यकाल के दौरान भारतीय टीम को 5 बड़े आईसीसी टूनार्मेंट में हिस्सा लेना है। यानी मंच बड़ा होगा तो टीम भी मजबूत चाहिए। हमने कई बार देखा है कि चाहे बीसीसीआई, टीम चयनकर्ता या फिर कप्तान और कोच क्यों न हो... यह सभी हमेशा बड़े नामों के दबाव में रहते हैं। बड़े खिलाड़ियों के फ्लॉप होने के बाद भी उन्हें लगातार सपोर्ट किया जाता है।



# टॉप-10 में ऋतुराज, अभिषेक शर्मा ने भी लगाई लंबी छलांग

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने टी20 रैंकिंग जारी कर दी है। इस रैंकिंग में चल रहे जिम्बाब्वे सीरीज में कमाल का प्रदर्शन करने वाले अभिषेक शर्मा और ऋतुराज गायकवाड़ को बड़ा फायदा हुआ है। भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ ने बुधवार को आईसीसी पुरुष टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग के नए अपडेट के अनुसार टॉप-10 में जगह बना ली है। वहीं, अभिषेक शर्मा की भी आईसीसी रैंकिंग में एंट्री हो गई है और वह 75वें स्थान पर आ गए हैं। रविवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे पर दूसरे टी20 में भारत की 100 रनों की व्यापक जीत में गायकवाड़ ने 47 गेंदों पर नाबाद 77 रनों की पारी खेलने के बाद यह बड़ा बदलाव आया है। नतीजतन, गायकवाड़ रैंकिंग सूची में 13 पायदान ऊपर उठकर 20वें से सातवें स्थान पर



पहुंच गए, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड शीर्ष पर हैं। उनके भारतीय टीम के साथी रिंकू सिंह और अभिषेक शर्मा ने भी रैंकिंग में बड़ी बढ़त हासिल की है। पिछले महीने भारत के विजयी टी20 विश्व कप अभियान में रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल रिंकू दूसरे टी20 मैच में 22 गेंदों पर 48 रन की आक्रामक पारी की बदौलत चार पायदान की छलांग लगाकर 39वें स्थान पर पहुंच गए। दूसरी ओर, भारत के लिए अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में शून्य पर आउट होने वाले अभिषेक दूसरे मैच में सिर्फ 47 गेंदों पर शानदार 100 रन बनाकर 75वें स्थान पर पहुंच गए। जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले दो मैचों में छह विकेट लेने वाले लेग स्पिनर रवि बिश्नोई गेंदबाजों की रैंकिंग में आठ पायदान की छलांग लगाकर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑलराउंडर रैंकिंग के मामले में श्रीलंका के लेग-स्पिन ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा शीर्ष पर पहुंच गए हैं, जबकि हार्दिक पांड्या दूसरे स्थान पर वापस आ गए हैं। भारत के ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने पहले मैच में 27 रन की तेज पारी और जिम्बाब्वे में दो मैचों में तीन विकेट लेने के दम पर शीर्ष 50 में जगह बनाई।

# बीसीसीआई, जय शाह ने सुनील गावस्कर को 75वें जन्मदिन पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज सलामी बल्लेबाज सुनील गावस्कर बुधवार को अपना 75वां जन्मदिन मना रहे हैं। टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने गावस्कर को सोशल मीडिया पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एक्स पर लिखा, जन्मदिन की शुभकामनाएं, सुनील गावस्कर! आपकी बल्लेबाजी तकनीक इतनी बेहतरीन थी कि आप आक्रामक और रक्षात्मक दोनों तरह से समान रूप से खेल सकते थे। हर चीज के लिए शुभकामनाएं, और आपका आने वाला साल शानदार रहे! बीसीसीआई ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा, 1983 विश्व कप विजेता, 233 अंतरराष्ट्रीय मैच, 13,214 अंतर्राष्ट्रीय रन, टेस्ट में 10,000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज। पूर्व टीम इंडिया कप्तान और बल्लेबाजी के दिग्गज, सुनील गावस्कर



को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने कहा, पूर्व भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के कप्तान को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं! भारत की पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने भी लिटिल मास्टर्स के विशेष दिन पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं, उन्होंने लिखा, जन्मदिन की शुभकामनाएं, सर! आप एक क्रिकेट आइकन हैं, 10,000 टेस्ट रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी और 108 कैच के साथ एक शीर्ष क्षेत्ररक्षक हैं। आपकी उपलब्धियां हम सभी को प्रेरित करती हैं। अपने विशेष दिन का आनंद लें। 16 साल से अधिक के अंतरराष्ट्रीय करियर में, गावस्कर ने 233 मैच खेले और इंग्लैंड में 1983 का वनडे विश्व कप भी जीता। उन्होंने 125 टेस्ट और 108 वनडे मैच खेले, जिनका औसत क्रमशः 51.12 और 35.13 रहा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 35 शतक लगाए, (34 टेस्ट में और एक वनडे में), इसके अलावा 72 अर्धशतक (45 टेस्ट में और 27 वनडे में) और 1970 के दशक के अंत से 1980 के दशक की शुरूआत तक कुछ मौकों पर भारत की कप्तानी भी की। अपने खेल करियर के खत्म होने के बाद से गावस्कर भारत के मैचों के साथ-साथ आईपीएल में भी कमेंट्री बॉक्स में नियमित रूप से दिखाई देते रहे हैं।

# मेसी ने संन्यास को लेकर दिए संकेत, बोले- 'आखिरी कुछ मैचों का लुत्फ उठा रहा हूं'

**ईस्ट रदरफोर्ड।** अर्जेंटीना ने कनाडा के खिलाफ 2-0 की जीत हासिल करते हुए कोपा अमेरिका फाइनल में एंट्री की। इस जीत के बाद कप्तान लियोनल मेसी ने संन्यास लेने का बड़ा संकेत देते हुए कहा कि वह अर्जेंटीना की जर्सी में आखिरी 'कुछ लड़ाइयों' का लुत्फ उठा रहे हैं। मौजूदा कोपा अमेरिका टूनार्मेंट मेसी के लिए व्यक्तिगत रूप से ज्यादा अच्छा नहीं रहा। उन्हें गोल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा, लेकिन एक अहम मुकाबले में उन्होंने अपने इस सूखे को खत्म किया। जूलियन अल्वारेज (22') और मेसी के (51') के गोलों की मदद से अर्जेंटीना ने कनाडा को 2-0 से हराकर 2021 में कोपा अमेरिका और 2022 में कतर में फीफा विश्व कप के बाद किसी बड़े टूनार्मेंट के फाइनल में जगह बनाई। मैच के बाद के अपने साक्षात्कार में, मेसी ने अर्जेंटीना जर्सी में हर पल को संजोने के बारे में बताया और माना कि उनके



खेलने के दिन हमेशा के लिए नहीं रहेंगे। मुझे पता है कि ये आखिरी कुछ मुकाबले हैं, इसलिए मैं इसका भरपूर आनंद ले रहा हूं। आइए हम एक राष्ट्रीय टीम के रूप में जो कुछ भी जी रहे हैं और जिसका आनंद ले रहे हैं, उसका आनंद लें। एक और फाइनल में पहुंचना आसान नहीं है। हमें इसका लाभ उठाना होगा। ये मेरे आखिरी मुकाबले हैं और मैं अपना बेस्ट दूंगा। अर्जेंटीना के साथ मेसी का करियर कई उल्लेखनीय उपलब्धियों से सजा हुआ है। 2022 फीफा विश्व कप चैंपियन, 2021 कोपा अमेरिका विजेता और 2022 यूईएफए कप ऑफ चैंपियंस विजेता के रूप में अपने देश को गौरव दिलाया। उनकी विरासत में 2008 बीजिंग खेलों का ओलंपिक स्वर्ण पदक भी शामिल है। 14 जुलाई को फ्लोरिडा के मियामी गार्डन्स में कोपा अमेरिका के फाइनल में अर्जेंटीना का सामना उरुग्वे या कोलंबिया से होगा। 15 खिताबों के साथ अर्जेंटीना कोपा अमेरिका के इतिहास में सबसे अधिक जीत के मामले में उरुग्वे के साथ बराबरी पर है। रविवार के फाइनल में जीत से अर्जेंटीना टूनार्मेंट के इतिहास में शीर्ष राष्ट्र के रूप में उभरेगा।

# मेदवेदेव ने सिनर से बदला लिया, पाओलिनी ने इटली के लिए रचा इतिहास

**लंदन।** पांचवीं वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जानिक सिनर को विम्बलडन में पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में हरा दिया जबकि महिला वर्ग में फ्रेंच ओपन फाइनलिस्ट जैस्मीन पाओलिनी ने उलटफेर भरी जीत के साथ पहली बार ग्रास कोर्ट के ग्रैंड स्लैम विम्बलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में 2-0 से आगे रहने के बाद पांच सेटों में पराजित पांचवीं वरीयता प्राप्त मेदवेदेव ने मंगलवार को पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में सिनर पर पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में 6-7(7), 6-4, 7-6(4), 2-6, 6-3 से शानदार जीत दर्ज की। मेदवेदेव ने 55 विनर लगाकर वर्ल्ड नंबर 1 को सीजन की चौथी हार दी। अपनी चार घंटे की रोमांचक जीत के साथ, मेदवेदेव ने जोड़ी के करियर मुकाबले में 7-5 का सुधार किया। एटीपी टूर ने अपनी



वेबसाइट पर एक रिपोर्ट में मेदवेदेव के हवाले से कहा, मुझे पता था कि अगर मैं जानिक को हराऊंगा तो यह एक कठिन मैच होगा। वह ऐसा खिलाड़ी नहीं है जिसे आप आसानी से हरा सकें। एक समय वह बहुत अच्छा महसूस नहीं कर रहा था लेकिन उसने बेहतर खेलना शुरू कर दिया और मुझे खुशी है कि मैं उच्च स्तर पर बने रहने में कामयाब रहा। कुछ बेहतरीन अंक थे, यह एक शानदार मैच था और मैं जीत कर खुश हूं और मैं आगे देख रहा हूं। अपने नौवें प्रमुख सेमीफाइनल (विंबलडन में लगातार दूसरे) में, एटीपी रैंकिंग में नंबर 5 खिलाड़ी 2021 यूएस ओपन के बाद अपने पहले ग्रैंड स्लैम खिताब का पीछा कर रहा है। मेदवेदेव का शुक्रवार को सेमीफाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त स्पैनियार्ड कार्लोस अल्काराज या 12वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी टॉमी पॉल से मुकाबला होगा। उधर महिला वर्ग में फ्रेंच ओपन फाइनलिस्ट जैस्मीन पाओलिनी लगातार दूसरे बड़े फाइनल की राह पर बनी हुई हैं। वह एम्मा नवारो को हराकर विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली इटली की पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। पाओलिनी ने नंबर 19 वरीयता प्राप्त नवारो पर 6-2, 6-1 से शानदार जीत दर्ज की और पहली बार ग्रास-कोर्ट ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंची। सेंटर कोर्ट पर पाओलिनी की 58 मिनट की जीत से पहले इतालवी महिलाएं विंबलडन में सभी चार क्वार्टर फाइनल हार गई थीं। क्रोएशिया की डोना वेकिच ने न्यूजीलैंड की क्वालीफायर लुलु सन को 5-7, 6-4, 6-1 से हराकर अपने करियर के पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पिछड़ने के बाद जीत हासिल की। अपने तीसरे ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में और विंबलडन में पहली बार, विश्व नंबर 37 वेकिच को 123वीं रैंकिंग वाली सुन को मात देने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी, जिसका लक्ष्य विंबलडन में महिला एकल सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए केवल दूसरा क्वालीफायर बनना था। 28 वर्षीय वेकिच ने अंततः नंबर 1 कोर्ट पर 2 घंटे और 8 मिनट के खेल के बाद 23 वर्षीय सन को पीछे छोड़ दिया।

# पूजा वस्त्राकर की मुरीद हुईं स्मृति मंधाना

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में किए गए प्रदर्शन से बेहद प्रभावित हैं और उनका मानना है कि बांग्लादेश में अक्तूबर में होने वाले टी20 विश्व कप में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। वस्त्राकर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में 8 विकेट लिए। उन्होंने तीसरे और अंतिम मैच में 13 रन देकर 4 विकेट हासिल किए जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत ने इस मैच में 10 विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैच की सीरीज 1-1 से बराबर की। मंधाना ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, 'पहले दो मैच में विकेट सपाट था और ऐसे में इस तरह का प्रदर्शन शानदार है। हमें उम्मीद है कि वह (वस्त्राकर) अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखेगी और विश्व कप में हमारे लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।' उन्होंने कहा, 'उसने



शानदार गेंदबाजी की। यह लंबी अवधि की सीरीज थी और एक गेंदबाज होने के नाते उसने जैसा प्रदर्शन किया उससे मैं हैरान हूं।' भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के अलावा तीन वनडे और एक टेस्ट मैच भी खेला। मंधाना ने वस्त्राकर के अप्रैल मई में बांग्लादेश में किए गए प्रदर्शन को भी याद किया। उन्होंने तब 5 मैच की टी20 सीरीज में 5 विकेट लिए थे। भारतीय उप कप्तान ने कहा, 'यहां तक कि बांग्लादेश में टी20 श्रीलंका में उसने विशेष कर डेथ ओवरों में जिस तरह से गेंदबाजी की, वह शानदार था। हम जानते थे कि जिस तरह से वह पिछले कुछ महीनो से गेंदबाजी कर रही थी, उसे देखते हुए वह अंतर पैदा कर सकती है। इस सीरीज में खेलने से पहले ही हम उसके प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त थे।' मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सफलता का श्रेय सीरीज से पहले राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में लगाए गए अभ्यास शिविर को दिया। उन्होंने कहा, 'सीरीज से पहले राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में लगाए गए शिविर में काफी कड़ी मेहनत की गई थी। इसका हमें फायदा मिला। पूरी सीरीज के दौरान सभी खिलाड़ी प्रत्येक प्रारूप में बल्लेबाजी के लिए तैयार थे।' सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया। मंधाना ने कहा, 'शेफाली जब बहुत अधिक नहीं सोचती तब वह बल्लेबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती है। उस जैसी बल्लेबाज को आपको बहुत अधिक जानकारी देने की जरूरत नहीं पड़ती है। मैं उसे केवल जल्दबाजी नहीं दिखाने के लिए कहती हूं। सीनियर खिलाड़ी होने के नाते मैं उसे गेंदबाज के बारे में बताती हूं और वह खुद ही उसके अनुरूप ढल जाती है।' दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने कहा कि उनके बल्लेबाज पिच का सही अनुमान नहीं लगा पाए और परिस्थितियों के अनुसार ढलने में नाकाम रहे। उन्होंने कहा, 'हम इस तरह से सीरीज का अंत नहीं करना चाहते थे। शुरू में गेंद पर रुककर आ रही थी। इसके अलावा मुझे लगता है कि हमने उस तरह से परिस्थितियों से तालमेल नहीं बिठाया जैसा कि हम कर सकते थे।'

# फ्रांस पर जीत के साथ स्पेन यूरो के फाइनल में

**म्यूनिख।** लैमिन यामल और दानी ओल्मो के त्वरित गोलों की बदौलत स्पेन ने मंगलवार देर रात यूरो कप 2024 के सेमीफाइनल में फ्रांस पर 2-1 से जीत हासिल की और खिताबी मुकाबले में स्थान बना लिया। 16 वर्षीय उभरते सितारे यामल यूरो में सबसे कम उम्र के गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, स्पेन ने शानदार शुरूआत की और मैच का पहला मौका तब मिला जब फैबियन रुइज ने लगभग पांच मिनट के बाद सुदूर पोस्ट पर हैडर लगाया। 9वें मिनट में, फ्रांस, जो ओपन प्ले से स्कोर किए बिना अंतिम चार में पहुंच गया था, ने गतिरोध तोड़ दिया जब किलियन एमबाप्पे के इन-स्विंगिंग क्रॉस पर रान्डल कोलो मुआनी को करीब से गोल कर दिया। स्पेन ने बराबरी के लिए लगातार दबाव डाला लेकिन शुरू में फ्रांस की सुव्यवस्थित रक्षा को भेदना मुश्किल



हो गया। हालाँकि, ला रोजा के प्रयासों का फल मिल गया जब यामल ने 21वें मिनट में गेंद को नेट के शीर्ष कोने में पहुंचाया। केवल चार मिनट बाद लेस ब्लेस के लिए हालात और खराब हो गए जब ओल्मो ने फ्रांसीसी रक्षापंक्ति को भेदते हुए स्कोर 2-1 कर दिया। खेल पुनः आरंभ होने के बाद, डिडिएर डेसचैम्प्स के खिलाड़ी, जो प्रतियोगिता में पहली बार पिछड़ रहे थे, आगे बढ़े और स्पेन पर उनके क्षेत्र में दबाव बना दिया। स्पेन ने अपने सभी खिलाड़ियों को गेंद के पीछे रखा। ओस्मान डेम्बेले के खतरनाक क्रॉस को रोकने के लिए गोलकीपर के मजबूर होने से पहले फ्रांस के ऑरेलियन टचौमेनी का हैडर उनाई साइमन के हाथों में चला गया। फ्रांस और स्पेन ने समापन चरण में आक्रमण किए, जिसमें एमबाप्पे और यामल क्षेत्र के किनारे से करीब आ गए। फाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए स्पेन की रक्षापंक्ति मैच के शेष भाग तक मजबूत रही, जहां उनका मुकाबला इंग्लैंड और नीदरलैंड के बीच दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। फ्रांस के कोच डेसचैम्प्स ने कहा, हम स्कोरिंग शुरू करने में सफल रहे, जो बहुत अच्छा था, लेकिन स्पेन ने हमसे बेहतर खेल खेला। हमने अंत तक प्रयास किया।

# पाकिस्तान क्रिकेट में फिर बवाल शुरू

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने वहाब रियाज और अब्दुल रज्जाक को सीनियर राष्ट्रीय चयन समिति से बर्खास्त कर दिया है। वेस्टइंडीज और अमेरिका में हुए टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के लचर प्रदर्शन के बाद यह फैसला किया गया। पाकिस्तान अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर रहा था। इस ग्रुप में भारत और मेजबान अमेरिका शीर्ष पर रहे थे। बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम को सुपर ओवर में अमेरिका से हार का सामना करना पड़ा था। रज्जाक पुरुष और महिला दोनों टीमों के राष्ट्रीय चयन समिति में काम कर चुके हैं, जबकि वहाब पुरुष टीम के मुख्य चयनकर्ता थे। हालांकि, कुछ महीने पहले उन्हें सात सदस्यीय समिति का सदस्य मात्र बना दिया गया था। समिति को इस अवधि में कोई मुख्य चयनकर्ता नहीं मिला। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बयान के अनुसार,



'पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने चयन समिति के पुनर्गठन की पुष्टि कर दी है और इसके संयोजन पर जल्द ही जानकारी सामने आएगी।' पाकिस्तान के लिए तीन विश्व कप खेलने वाले वहाब ने हाल में अमेरिका में टी 20 विश्व कप दौरे के दौरान सीनियर टीम मैनेजर के रूप में भी काम किया था। 2020 के बाद से पीसीबी के पास छह हाई-प्रोफाइल चयनकर्ता रहे हैं। इनमें वहाब के अलावा मोहम्मद वसीम, शाहिद अफरीदी, इंजमाम-उल-हक, हारून राशिद और मिस्बाह-उल-हक शामिल हैं। हालांकि, इनका कार्यकाल अलग-अलग और संक्षिप्त रहा था। मौजूदा चयन समिति के शेष पांच सदस्य मुख्य कोच (गैरी कर्स्टन वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए और टेस्ट के लिए जेसन गिलेस्पी), कप्तान बाबर आजम, मोहम्मद यूसुफ, असद शफीक और डेटा विश्लेषक बिलाल अफजल हैं। पाकिस्तान को अगस्त से दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करनी है। वे इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के सीमित ओवरों के दौरे से पहले तीन टेस्ट के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेंगे। टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने मंगलवार को मुख्य कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी को टीम की किस्मत बदलने के लिए खुली छूट दे दी। सूत्रों के मुताबिक, नकवी पाकिस्तान टीम में खिलाड़ियों के बीच अनबन की खबरों से नाराज हैं और जल्द से जल्द टीम के अंदरूनी मसलों को निपटाना चाहते हैं। नकवी ने सीमित ओवरों के प्रारूप के कोच कर्स्टन और टेस्ट टीम के कोच गिलेस्पी से मुलाकात की। इस दौरान कर्स्टन और गिलेस्पी ने राष्ट्रीय टीम के लिए अपनी योजनाएं साझा कीं। पीसीबी के अनुसार नकवी ने दोनों कोचों से कहा कि उन्हें उन पर पूरा भरोसा है और उन्हें क्रिकेट बोर्ड से पूरा समर्थन मिलेगा। पीसीबी के एक सूत्र ने कहा, 'कर्स्टन ने विश्व कप के आधार पर सफेद गेंद की टीम के बारे में अपनी चिंताओं को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया।' दोनों मुख्य कोच ने पीसीबी अध्यक्ष से कहा कि वे पाकिस्तान टीम के चयन के लिए आवश्यक फिटनेस स्तर के बारे में स्पष्ट दिशानिर्देश निर्धारित करना चाहते हैं। सूत्र ने कहा, 'नकवी ने उनसे कहा कि उन्हें टीम की किस्मत बदलने के लिए जो भी आवश्यक हो, वह करना चाहिए और कोई भी उन्हें चयन या खिलाड़ियों की फिटनेस पर कोई समझौता करने के लिए नहीं कहेगा।'

# डासना तालाब का सौन्दर्यीकरण जल्द पूरा होगा : एनजीटी का महत्वपूर्ण निर्णय



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के डासना देवी मंदिर के समीप स्थित डासना तालाब का सौन्दर्यीकरण जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है। खसरा संख्या 2076, 2077, 2078 के तहत आने वाला यह तालाब लगभग 84 बीघा क्षेत्र में फैला हुआ है।

इस तालाब के सौंदर्यीकरण को लेकर राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) न्यायालय दिल्ली में अफसर अली द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ वाद संख्या 48/2022 दायर है।



## एनजीटी की महत्वपूर्ण सुनवाई

04 जुलाई 2024 को एनजीटी कोर्ट के जज सुधीर अग्रवाल और अफरोज अहमद की अध्यक्षता में हुई सुनवाई में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। न्यायालय ने कमिश्नर के रूप में एडवोकेट शारिक अब्बास जैदी को नियुक्त किया, जो इस केस की गहन जांच करेंगे और इसके समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जैदी इस मामले में दूध का दूध और पानी का पानी करने का कार्य करेंगे, जिससे इस तालाब के सौंदर्यीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकें।

## नगर पंचायत की सक्रियता

वहीं दूसरी ओर, नगर पंचायत डासना ने भी तालाब के सौंदर्यीकरण के कार्य को तेज कर दिया है। इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं ताकि तालाब का पुनर्विकास शीघ्र पूरा हो सके। एडवोकेट एस ए जैदी इस तालाब के कार्य की रिपोर्ट एनजीटी कोर्ट में प्रस्तुत करेंगे। अगली सुनवाई 7 अगस्त 2024 को निर्धारित की गई है।

## वादी अफसर अली ने एनजीटी के निर्णय पर खुशी जताई



वादी अफसर अली ने एनजीटी के जज सुधीर अग्रवाल और अफरोज अहमद का धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि उन्हें खुशी है कि डासना तालाब का वाद एनजीटी कोर्ट में चल रहा है। उन्होंने कहा नगर पंचायत डासना के अधिकारी गुमराह करने का कार्य करते हैं, लेकिन उन्हें खुशी है कि डासना तालाब का सौंदर्यीकरण एनजीटी के अधीन हो रहा है।

## वरिष्ठ अधिकता एस ए जैदी का योगदान



वरिष्ठ अधिकता एस ए जैदी, जो उत्तराखंड के हरिद्वार में प्लास्टिक मैन्युफैक्चरिंग बंद करने में सफल रहे हैं, ने अपनी कड़ी मेहनत और ईमानदारी के बल पर यह विजय हासिल की है। उनका मानना है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है और उन्होंने हरिद्वार में प्लास्टिक मैन्युफैक्चरिंग बंद करवा कर एक मिसाल कायम की है। उनकी इस कड़ी मेहनत और ईमानदारी के बल पर उन्हें इस महत्वपूर्ण मामले में कमिश्नर नियुक्त किया गया है।

## भविष्य की दिशा

डासना तालाब का सौंदर्यकरण न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा बल्कि यह स्थानीय जनता के लिए भी एक महत्वपूर्ण परियोजना साबित होगी। इस तालाब के पुनर्विकास से न केवल पर्यावरणीय संतुलन में सुधार होगा बल्कि यह क्षेत्रीय पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। एनजीटी का यह निर्णय डासना तालाब के भविष्य को उज्जवल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# अज्ञात गाड़ी से टकराई बाइक, युवक की मौत 3 घायल



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** सड़क पर गिरे हाईटेंशन तार से बचने के चक्कर में बाइक सवार अज्ञात गाड़ी से टकरा गया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, दो बच्चे और एक शख्स घायल हुए हैं। हापुड़ जिले में हाफिजपुर के गांव मशरफपुर निवासी अजीरुद्दीन अपनी पत्नी गुलिस्ता, बेटी मायरा, बेटे हर्ष के साथ रहते थे।

मंगलवार रात को अजरुद्दीन अपने चचेरे भाई गुलफाम व बच्चों के साथ गांव नगला आक्खू से अपने गांव मशरफपुर जा रहे थे। मोदीनगर के गांव याकूतपुर मवी से पास एक हाईटेंशन तार गिरा हुआ था। हाईटेंशन लाइन के तार से बचने के लिए बाइक बेकाबू हो गई और सामने से आ रहे अज्ञात वाहन से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी, कि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। चारों उछल कर काफी दूर जा गिरे। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरन्त उन्हें मोदीनगर के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर अजरुद्दीन को मृत घोषित कर दिया गया। गुलफाम को मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया है। हर्ष व मायरा की हालात गंभीर बनी हुई है। मृतक के परिजनों का कहना है कि बिजली के तार की चपेट में आकर ही अजरुद्दीन की मौत हुई है। निवाड़ी थाना प्रभारी रविता चैधरी पुलिस फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंच गई। उनका कहना है कि जांच की जा रही है कि हादसा हाईटेंशन लाइन से हुआ या अज्ञात वाहन की टक्कर से हुआ है।

## नामांकन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद बार एसोसिएशन चुनाव में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ शबनम खान एडवोकेट ने बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में साथी अधिवक्ता भी पहुंचे। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद डॉ शबनम खान एडवोकेट ने कहा कि उनकी प्राथमिकता हमेशा से अधिवक्ता साथियों के हक की लड़ाई लड़ने की रही है। बार एसोसिएशन चुनाव में महिला अधिवक्ता साथियों की भागीदारी भी सुनिश्चित होनी चाहिए। महिला अधिवक्ता साथियों के लिए वो हमेशा से साथ रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें सभी वर्गों के अधिवक्ता साथियों का समर्थन मिल रहा है। वह अपनी जीत को लेकर आशावान है।

# अब मोदीनगर से मेरठ साउथ तक दौड़ेगी नमो भारत ट्रेन

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** नमो भारत ट्रेन के अब मोदीनगर से मेरठ साउथ तक परिचालन की तैयारियां अपनी चरम सीमा पर है। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए इसके लिए तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। मोदीनगर नार्थ से मेरठ साउथ स्टेशन तक ट्रेन का ट्रायल रन निरंतर जारी है। मोदीनगर नार्थ से साहिबाबाद स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा कर प्रबंध निदेशक ने कॉरिडोर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन कंट्रोलर, ट्रेन ऑपरेटर व अन्य ऑपरेशन स्टॉफ से बातचीत कर उनकी अनेक समस्याओं को भी सुना। वर्तमान में साहिबाबाद से मोदीनगर नार्थ तक 34 किमी0 के सेक्शन में आठ स्टेशनों पर नमो भारत ट्रेनों का परिचालन यात्रियों के लिए किया जा रहा है। मोदीनगर नार्थ से मेरठ साउथ तक आठ किमी0 के बीच नमो भारत ट्रेन का परिचालन शुरू होने पर परिचालित सेक्शन की लंबाई 42 किमी0 हो जाएगी। शीघ्र ही मोदीनगर से मेरठ साउथ के परिचालन को हरी झण्डी मिलने की संभावना है। इसके लिये रूपरेखा तैयार की जा रही है।



# अनैतिक कार्य किया पशु के साथ, हिरासत में

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की जलालपुर रोड कॉलोनी में एक युवक पर पशु के साथ अनैतिक कार्य करने का आरोप लगा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। नगर की जलालपुर रोड कॉलोनी निवासी आशीष ने पुलिस को सूचना दी कि कॉलोनी का रहने वाला एक युवक पशु के साथ अनैतिक कार्य कर रहा है। आशीष ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आशीष ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# काजू बताकर गांजा किया सप्लाई

**हापुड।** गढमुक्तेश्वर कोतवाली पुलिस ने राजस्थान पुलिस के सहयोग से कोरियर द्वारा काजू मंगाने के नाम पर अवैध गांजे की हो रही तस्करी का पदार्फाश किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 90 किलोग्राम अवैध गांजा किया बरामद किया है। तीनों तस्करों को गिरफ्तार पूर्व में हो चुकी है। दरअसल, थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस द्वारा इस अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को पहले भी गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनके कब्जे से कुल 113 किलोग्राम गांजा मिला था। अब 90 किलो गांजा बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक अंतर्राज्यीय गिरोह से अब तक कुल 203 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया जा चुका है। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनेश प्रताप सिंह द्वारा बताया गया कि आरोपियों द्वारा कुछ गांजा ओडीशा से कोरियर के माध्यम से काजू के नाम पर मेरठ जिले के लिए मंगाया गया था, मगर आरोपियों के जेल जाने के बाद उनके उडीसा के साथियों से सम्पर्क ना होने के कारण गांजे का पार्सल मेरठ पहुंचने से पहले ही पार्सल को राजस्थान प्रदेश की कोटपुतली के लिए डायर्वट करा दिया गया था, जिसको गढमुक्तेश्वर पुलिस द्वारा तत्परता से ट्रेस कर कोटपुतली बहरोड जिले की थाना नीमराणा (राजस्थान) पुलिस के सहयोग से बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह की जड़े विभिन्न राज्यों उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा आदि में थी और इन राज्यों में बड़े स्तर पर अवैध गांजे की तस्करी कर खूब पैसा कमाते थे। गढ़ इंस्पेक्टर मुनेश प्रताप सिंह ने बताया कि पूर्व में तीन तस्करो को गिरफ्तार कर 113 किलो गांजा बरामद किया जा चुका था।काजू के नाम पर मेरठ जिले के लिए मंगाया गया था, मगर आरोपियों के जेल जाने के बाद उनके उडीसा के साथियों से सम्पर्क ना होने के कारण गांजे का पार्सल मेरठ पहुंचने से पहले ही पार्सल को राजस्थान प्रदेश की कोटपुतली के लिए डायर्वट करा दिया गया था।

## मलेरिया और डेंगू फैलने का डर

**हापुड।** बारिश के दौरान मौसमी बीमारी जैसे मलेरिया और डेंगू के पैर पसारने का अब डर सताने लगा है। जबकि, वायरल बुखार के मरीजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है, वायरल बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने से पैथोलाजी लैब में जांच के लिए भीड़ लग रही है, बिना हेल्थ डिपार्टमेंट को जानकारी दिए बिना कोई निजी पैथोलाजी लैब संचालक डेंगू या मलेरिया की पुष्टि नहीं कर सकेंगे। पहले विभाग को जानकारी देकर मरीज के खून का सैंपल उन्हें भी देना होगा। दरअसल, जिले के सीएमओ डॉक्टर सुनील कुमार त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि वायरल बुखार के प्रकोप को बढ़ता देख निजी अस्पतालों को मौसमी जनित बीमारी के मरीजों का उपचार कराने के लिए अलग से व्यवस्था कराई गई है। यदि कोई मरीज मलेरिया या डेंगू का मिलता है तो, उसके लिए अलग से वार्ड तैयार करा दिए गए हैं।




## टू-स्टारों की लिस्ट पर किसने की कृपा

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीते दिनों सिटी जोन की एक तबादला लिस्ट आई थी। इस तबादला लिस्ट के बाद सिटी जोन में कई तरह की चर्चा सुनने को मिल रही है। तो वहीं अधिकारी कह रहे हैं कि अप्रूवल वाला मैटर लिस्ट के टविस्ट को बढ़ा रहा है। कमिश्नरेट वाले सूत्रों ने जानकारी दी है कि सिटी जोन में एक थानाक्षेत्र से दूसरे थानाक्षेत्र के हल्के पर ऐसे टू स्तर को भेजा गया है, जिसके चौकी पर ही कई कारनामे सामने आ गए थे। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि अब हल्का अपने इलाके को हल्का करने पर लगा हुआ ह पर टीाी उसका सिक्का चल नहीं रहा है। वहीं लाइन के पास वाली चौकी का मामला भी ऐसा ही बताया जा रहा है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि चौकी पर पोस्ट करने के लिए भी अप्रूवल लिस्ट में नाम देखा जा रहा है। सुनने में आया है कि अप्रूवल लिस्ट में अब नाम अप्रूव करने के लिए आगे पास कौन करें इसको लेकर भी मामले सुनने में आ रहे हैं। वैसे भी सिटी वाले साहब ज्यादा टेंशन वाला लोड नहीं लेना चाहते हैं। उधर जिस तरीके से सिटी, देहात और नदियापार वाली लिस्ट आई है, उसके बाद कई थाना प्रभारियों की टेंशन बढ़ गई है। दरअसल थाना प्रभारी की टेंशन यह है कि जब उनकी चौकी का रायता नहीं सिमटेगा तो फैले हुए मामले में उनका ही आगे आना पड़ता है। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि हाई राइज बिल्डिंग वाली चौकी पर रहते हुए टू–स्टार के कई कांड एसीपी इलाके वालों तक के साथ ही अधिकारियों तक पहुंचे थे। एसीपी स्तर के अधिकारी चाहते थे कि उसे वर्तमान चौकी से ही हटा दिया जाए लेकिन ऐसी किसकी कृपा बरसी है कि जो सेकंड लाइन चल रहे टू- स्टार को सीधे हल्का का प्रभारी बना दिया गया है। अब देखना है कि उनके इलाके के जो नए एसीपी आए हैं, वह हल्के को कितना भारी रहते हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में आई इस लिस्ट को लेकर कई तरीके की चर्चा सुनने को मिल रही है। उधर खास अधिकारी बता रहे हैं कि सिटी जोन में आजकल बेस्ट वर्किंग टू–स्टारों की कमी का ही नतीजा है कि ऐसे लोगों को चौकी मिल जा रही है जो योग्य ही नहीं बताए जा रहे हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि कांवड़ यात्रा से पहले अभी कुछ और टू–स्टार फिर इधर से उधर किए जाने की प्रबल संभावना है।



# बदमाशों ने किए लाखों रुपए के मोबाइल चोरी

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में कस्बा रोड पर जय टाकीज के पास बदमाश एक दुकान से मोबाइल चोरी करके ले गए। चोरी हुए मोबाइल की कीमत 20 लाख रुपए से अधिक की बताई जा रही है। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। मोदीनगर के गांव नगला बेर निवासी सनी पुत्र छत्रपाल सिंह नगर में कस्बा रोड पर मोबाइल की दुकान करते हैं। बुधवार दोपहर साढ़े ग्यारह बजे जब वह अपनी दुकान पर पहुंचे और शटर उठाया तो यह देखकर हक्के बक्के रह गए कि सारा सामान गायब था। सनी ने बताया कि बदमाश दुकान की छत पर सीढ़ियों के दरवाजा उखाड़कर दुकान के अंदर आए। बदमाश दुकान के अंदर रखे 120 से अधिक मोबाइल चोरी करके ले गए। उन्होंने बताया कि चोरी हुए मोबाइल की कीमत बीस लाख रुपए की है। कस्बा पुलिस चौकी के महज तीन सौ मीटर की दूरी पर हुई चोरी की वारदात के बाद लोगों में रोष व्याप्त है। लोगों ने पुलिस की रात्रि गश्त पर सवालिया निशान लगाया है। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# आईआईए मोदीनगर की नई कार्यकारिणी का पदग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** आईआईए मोदीनगर की नई कार्यकारिणी द्वारा पदग्रहण एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के अधिकारिक निरीक्षण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल, गाजियाबाद चैप्टर से प्रदीप गुप्ता, राकेश अनेजा, मनोज सिंघल, चकित स्वरूप, संजय अग्रवाल, संजय गुप्ता, हापुड़ चैप्टर से विजय शंकर, पवन, शांतनु गुप्ता, नोएडा चैप्टर से राजीव बंसल, मेरठ चैप्टर से अजय गुप्ता, अनुराग अग्रवाल, तनुज गुप्ता, गौरव जैन ने मोदीनगर के सेवानिवृत्त हो रहे चेयरमैन बृज मोहन कपूर द्वारा नवनियुक्त चेयरमैन राज ढींगरा को फ्लैग बदल कर चार्ज दिये जाने के चश्मदीद रहे। नीरज सिंघल ने मोदीनगर चैप्टर की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई तथा चैप्टर की गतिविधियों के विषय में बृज मोहन कपूर से पूर्ण जानकारी ली। सभागार में भारी संख्या मे उपस्थित मोदीनगर के उद्यमियों से राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंहल ने सीधे संवाद किया तथा उनसे उनकी किसी भी परेशानी को बताने के लिए कहा। कार्यक्रम का सफल संचालन डा0 मुकेश गर्ग ने किया। इस अवसर पर पूर्व चैप्टर चेयरमैन बृज मोहन कपूर ने लगभग 21 उद्यमियों को उनकी यादगार सेवाओं के लिए सम्मानित किया। राज ढींगरा ने अपनी 40 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा की तथा शशि भूषण को संस्था का महासचिव व मनोज माहेश्वरी को संस्था का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने बृज मोहन कपूर की विशिष्ट सेवाओं के कारण उन्हें केंद्रीय कार्यकारिणी का विशेष आमन्त्रित सदस्य नियुक्त किया। केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ0 मुकेश गर्ग, बृज मोहन कपूर व राज ढींगरा ने कार्यक्रम के अंत में सभी का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में प्रमोद चैरसिया, भूपेंद्र अग्रवाल, सुरेश मीना, संजीव महेश्वरी, शैलेंद्र रघुवंशी, गौरव गुप्ता, आशु अग्रवाल, अभिषेक गर्ग, मनोज डागा, संदीप गुप्ता, विकास वार्ष्णेय सहित भारी संख्या में उद्यमियों मौजूद रहे।




# समाजसेवी हरीश मलहोत्रा ने अपने पिता की 42 वीं बरसी पर किया भंडारा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रमुख समाजसेवी हरीश मल्होत्रा और बलदेव मल्होत्रा ने कौशाम्बी स्थित रेडिसन ब्लू के एम टावर के पास अपने पिताश्री स्वर्गीय बालकिशन मल्होत्रा की 42 वीं बरसी के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर हरीश मल्होत्रा एवं बलदेव मल्होत्रा के परिजनों के अलावा उनके मित्र, सम्बंधी और शुभचिंतकों ने स्वर्गीय बालकिशन मलहोत्रा को श्रद्धांजलि दी भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।



# विद्यार्थियों के विकास से होगा राष्ट्र का पुनर्निर्माण : तरुण सिंह

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 76वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गाज़ियाबाद महानगर द्वारा मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन हाईटेक इंजीनियरिंग कॉलेज में किया गया। समारोह में गाज़ियाबाद के विभिन्न विद्यालय रोसबेल पब्लिक स्कूल, नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज, एसआरएस विद्यालय, अंबेडकर विद्यालय, भविष्य विद्यालय, सेठ मुकुंद लाल विद्यालय, सरस्वती विद्या मंदिर, मॉडर्न पब्लिक स्कूल जैसे अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि राजनारायण शुक्ल, मुख्य वक्ता तरुण सिंह, विशिष्ट अतिथि संजीव शर्मा उपस्थित रहे। इस मौके पर विभाग प्रमुख डॉ. रवीश कुमार, महानगर अध्यक्ष दीपक भारद्वाज, प्रांत एसएफएस प्रमुख डॉ. अनिल भड़ाना, महानगर उपाध्यक्ष ममता कुमारी, विभाग संगठन मंत्री सिद्धार्थ स्वामी, प्रांत कलामंच संयोजिका अंकिता नेगी, विभाग संयोजक कुणाल भारद्वाज, विभाग छात्रा प्रमुख शिवांगी शर्मा, महानगर मंत्री तनिष्क शिशौदिया, महानगर सहमंत्री नोमिष पांडेय, महानगर सहमंत्री नीरज यादव, मीडिया संयोजक सागर शर्मा, सोशल मीडिया संयोजक विष्णु त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष कुलदीप आर्य आदि उपस्थित रहे।





# प्लास्टिक उन्मूलन महाअभियान रैली निकाली

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्लास्टिक उन्मूलन महाअभियान के तहत नगरपालिका परिषद मुरादनगर एवं महिला उन्नति प्रशिक्षण संस्थान द्वारा हंस इंटर कॉलेज 250 बच्चों ने प्लास्टिक की बोतलों में पौधे लेकर रैली निकाली।' रैली को हरी झंडी दुर्गेश शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला उन्नति प्रशिक्षण संस्थान, विनोद कुमार शर्मा प्रधानाचार्य हंस इंटर कॉलेज ने रवाना किया। लोगों को एक पौधा लगाने का संदेश दिया और डॉक्टर शैलेंद्र सिंह अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद मुरादनगर द्वारा शपथ दिलाई गई। डॉक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह अधिशासी अधिकारी ने सभी बच्चो को प्रमाण पत्र और मैडल देकर सम्मानित किया। नगरपालिका परिषद मुरादनगर, अरविंद कुमार डीपीएम, अनिल शर्मा एस आई, विनोद कुमार प्रधानाचार्य हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर, डॉक्टर अमित कुमार एनसीसी कैडेट्स कोच, हेमलता, दुर्गेश शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला उन्नति प्रशिक्षण संस्थान मौजूद रहीं।











# दक्षिणी अमेरिका में बेरिल तूफान ने मचाई तबाही, 18 लोगों की मौत

## 23 लाख घरों की बिजली हुई गुल



**वाशिंगटन।** दक्षिणी अमेरिका में बेरिल नामक तूफान ने भारी तबाही मचा रखी है। मंगलवार को इसे उत्तर-उष्णकटिबंधीय चक्रवात घोषित किया कर दिया गया। अब तक यह तूफान लगभग 18 लोगों की जान ले चुका है। वहीं मंगलवार को भी आठ लोगों की तूफान के कारण मौत हुई। वहीं इस तूफान के कारण लगभग 2.3 मिलियन लोगों के घरों की बिजली गुल रही।

बीते सप्ताह कैरेबियन सागर में बेरिल तूफान आया। जो कि अब तक की सर्वाधिक तीव्रता वाला, श्रेणी 5 का तूफान था। इस तूफान की चपेट में आकर अब तक लगभग 18 लोगों की जान जा चुकी है। सोमवार को यह तूफान टेक्सास में श्रेणी 1 के रूप में प्रवेश कर गया। जहां इसने लगभग 7 लोगों को अपनी चपेट में लिया, वहीं पड़ोसी लुइसियाना में एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। पेड़ गिरना और बाढ़ आने से आठ लोग मारे गए। इसे उत्तर-उष्णकटिबंधीय चक्रवात नाम दिया गया।

तूफान के बाद क्षतिग्रस्त विद्युत ग्रिडों के कारण मंगलवार को टेक्सास में लगभग 2.2 मिलियन घरों में बिजली नहीं थी। वहीं लुइसियाना में भी 14,000 घरों में बिजली नहीं थी। निवासियों के लिए वातानुकूलित आश्रय स्थल स्थापित किए गए, हालांकि कर्मचारी सेवाएं दुरुस्त करने में लगे रहे।

**अलग-अलग स्थानों पर हुई मौतें :** 2.3 मिलियन की आबादी वाला विशाल शहर ह्यूस्टन, तूफानी हवाओं और बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हो चुका है। हैरिस काउंटी के शेरिफ एड गोंजालेज ने बताया कि घरों पर पेड़ गिरने की अलग-अलग घटनाओं में 53 वर्षीय पुरुष और 74 वर्षीय महिला की मौत हो गई। वहीं ह्यूस्टन के मेयर जॉन व्हिटमायर ने बताया कि एक व्यक्ति की मौत बिजली गिरने के कारण हुई। वहीं पुलिस विभाग का एक कर्मचारी बाढ़ के पानी में डूबकर मर गया। लुइसियाना में बॉसियर पैरिश शेरिफ कार्यालय द्वारा एक व्यक्ति की मृत्यु की घोषणा की गई, जो एक घर पर पेड़ गिरने के कारण हुआ।



### सरकार द्वारा चेतावनी जारी

वहीं अमेरिकी राष्ट्रीय तूफान केंद्र ने बताया कि बेरिल मंगलवार को कमजोर हो गया था और 45 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा के साथ कनाडा की ओर उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ता जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि इससे बाढ़ और बवंडर की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

## रूसी राजनयिक रोमन बाबुश्किन ने भारत की तारीफ में कहा

# पीएम मोदी का रूस दौरा ऐतिहासिक और खेल बदलने वाला

**मास्को।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के दो दिवसीय दौरे के बाद अब ऑस्ट्रिया पहुंच गए। पीएम मोदी के रूस दौरे को लेकर रूसी राजनयिक रोमन बाबुश्किन ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की बैठक ऐतिहासिक और खेल बदलने वाला था। रूसी राजनयिक ने बताया कि पीएम मोदी का रूस दौरा पूरे विश्व ने देखा और इससे यह साबित होता है कि उनका यह दौरा कितना महत्वपूर्ण था।

पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच वार्ता के एक दिन बाद रूसी राजनयिक रोमन बाबुश्किन ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मॉस्को दौरा पूरे विश्व ने देखा था और यह इस बात का सबूत है कि यह दौरा कितना महत्वपूर्ण था। उन्होंने आगे बताया कि दोनों नेताओं के बीच भारत-रूस के




व्यापार और आर्थिक संबंधों को बढ़ाने पर चर्चा हुई।

पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच बातचीत के परिणामों पर प्रकाश डालते हुए रोमन बाबुश्किन ने कहा, भारत और रूस ने राष्ट्रीय



मुद्राओं का उपयोग करके द्विपक्षीय भुगतान प्रणाली को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। भारत की मांग पर रूस अपनी सेना में भर्ती किए भारतीय नागरिकों को वापस भेजने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, इस मामले में हम भारत के साथ है। हमें उम्मीद है कि इसे जल्द सुलझा लिया जाएगा।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समक्ष रूसी सेना में भारतीयों के फंसे होने का मुद्दा उठाए जाने के बाद रूस ने रूसी सेना में कार्यरत सभी भारतीयों को बर्खास्त करने का निर्णय लिया है। गौरतलब है कि कई भारतीयों को धोखा देकर रूसी सेना में भर्ती करने का खुलासा हुआ था। दर्जनों भारतीय रूसी सेना में फंसे हैं और कई भारतीय रूस-यूक्रेन युद्ध में मोर्चे पर तैनात हैं।

### पीएम मोदी का रूस दौरा

पीएम मोदी सोमवार शाम दो दिवसीय दौरे पर मॉस्को पहुंचे। रूस के यूक्रेन के खिलाफ युद्ध शुरू करने के बाद से पीएम मोदी की यह रूस की पहली यात्रा है। रूस के प्रथम उप-प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव ने हवाई अड्डे पर पीएम मोदी स्वागत किया। प्रधानमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सोमवार शाम को पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आवास पर उनसे मुलाकात की। प्रधानमंत्री मंगलवार को राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता में भाग लिए और मॉस्को में 22वें भारत-रूस शिखर सम्मेलन में भी शामिल हुए।




## एक दिवसीय ऑस्ट्रिया दौरा

# साझा वार्ता में पीएम मोदी का आतंकवाद पर प्रहार

**वियना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दिवसीय दौरे के लिए ऑस्ट्रिया में हैं। बुधवार को पीएम मोदी ने ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वैन डेर बेलेन के साथ बैठक की। इसके बाद एक ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के साथ संयुक्त वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने आतंकवाद की कड़ी निंदा की और आपसी सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया।

संयुक्त वार्ता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, भारत और ऑस्ट्रिया, आतंकवाद की कठोर निंदा करते हैं। हम सहमत हैं कि इसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं जाएगा। आतंकवाद को किसी भी तरह से न्यायसंगत नहीं हो सकता। हम संयुक्त राष्ट्र संघ और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में बदलाव के लिए सहमत हैं, ताकि उन्हें मजबूत बनाया जाए। मैंने और चांसलर नेहमर ने विश्व में चल रहे विवादों, चाहे यूक्रेन में संघर्ष हो या पश्चिम एशिया की स्थिति हो, सभी पर हमने विस्तार से बात की। मैंने पहले भी कहा है कि यह युद्ध का समय नहीं है। समस्याओं का समाधान रणभूमि में नहीं हो सकता। कहीं भी हो, मासूम बच्चों की मौत स्वीकार्य नहीं है। हम शांति और स्थिरता की जल्द से जल्द बहाली के लिए वार्ता और कूटनीति पर जोर देते हैं। इसके लिए हम दोनों मिलकर हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार हैं।

### पीएम मोदी के स्वागत में गाया वंदे मातरम

रूस के दो दिवसीय दौरे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब अपने एक दिवसीय दौरे के लिए ऑस्ट्रिया पहुंच गए। एयरपोर्ट पर ऑस्ट्रिया के विदेश मंत्री



एलेक्जेंडर शालेनबर्ग ने पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया। एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होटल रिट्ज-कार्लटन पहुंचे। वहां ऑस्ट्रियाई कलाकारों ने उनका स्वागत करते हुए 'वंदे मातरम' गाया। पीएम मोदी के सामने वंदे मातरम गाने वाले कलाकारों ने अपना अनुभव साझा किया।

पीएम मोदी ने आगे कहा, ह्यमुझे खुशी है कि मेरे तीसरे कार्यकाल की शुरूआत में ही मुझे ऑस्ट्रिया आने का मौका मिला।

मेरी यह यात्रा ऐतिहासिक और विशेष है। 41 वर्ष के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने ऑस्ट्रिया का दौरा है। यह भी सुखद संयोग है कि यह यात्रा उस समय हो रही है, जब हमारे आपसी संबंधों के 75 वर्ष पूरे हुए हैं।

# दंगा मामले में इमरान खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। अब यहां कि एक आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) ने खान की नौ मई को भड़की हिंसा के तीन मामलों में अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है।

पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख खान पर पिछले साल नौ मई को लाहौर कॉर्प्स कमांडर हाउस जिसे जिन्ना हाउस, अस्करी टॉवर और शादमान पुलिस स्टेशन के नाम से जाना जाता है, पर हमलों के लिए उकसाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। दरअसल, उनके समर्थकों ने पिछले साल मई में कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में उनकी गिरफ्तारी के बाद कई महत्वपूर्ण सरकारी इमारतों और सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया था।

एटीसी लाहौर के न्यायाधीश खालिद अरशद ने खान को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया और तीन मामलों में उनकी याचिकाओं को




खारिज कर दिया। अभियोजन पक्ष ने नौ मई की हिंसा की तुलना 2021 में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों द्वारा किए गए हमलों से की।

अभियोजन पक्ष ने कहा कि पुलिस को तीनों मामलों की जांच पूरी करने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री को हिरासत में लिया जाना जरूरी है। बता दें, क्रिकेटर से नेता बने 71 वर्षीय इमरान खान के खिलाफ 200 से अधिक मामले दर्ज हैं।

# मोदी-पुतिन के गले लगने से चिढ़े चीनी अखबार

## यूएस मीडिया बोला- भारतीय पीएम ने सरेआम जंग का मसला उठाया

**मास्को।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया रूस यात्रा से विश्व की राजनीति में हलचल पैदा हो गई है। कोई यह यात्रा अमेरिका के लिए चिंताजनक बता रहा तो कोई कुछ। आइए जानते हैं मोदी की मॉस्को यात्रा पर विदेशी मीडिया का क्या रुख है।

गौरतलब है, पिछले महीने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरी बार शपथ लेने के बाद यह मोदी की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। परंपरागत रूप से पीएम मोदी ने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत के पड़ोसी देशों रूस और ऑस्ट्रिया को चुना है, जिसमें भारत के पड़ोस को विदेश नीति की प्राथमिकता के रूप में महत्व दिया गया है।

चीन की मीडिया ने भी रूसी यात्रा पर लगातार नजर रखी। उसने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के गले मिलने की एक तस्वीर को लेकर सवाल खड़ा किया है।



साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की एक रिपोर्ट में कहा गया, शक्ति कूटनीति के खेल में शब्दों की तुलना में अक्सर आपके शारीरिक हावभाव अधिक खुलासा करते हैं। बीजिंग, नई दिल्ली और मॉस्को के नेताओं के मिलने की दो तस्वीरों ने उनके त्रिपक्षीय संबंधों की स्थिति को प्रभावी ढंग से व्यक्त किया है।

### जंग पर बोले पीएम मोदी

वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में कहा गया कि पीएम मोदी ने सरेआम जंग का मसला उठाया। इसमें कहा गया कि रूस द्वारा कीव में बच्चों के एक अस्पताल सहित कई जगहों पर हमले शुरू करने के कुछ घंटों बाद भारतीय पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को गले लगाते हुए तस्वीरें साझा कीं। बाद में क्रेमलिन ने रूसी नेता के घर के गोल्फ कार्ट में मौजूद दोनों नेताओं की तस्वीरें साझा कीं। अगले दिन, मोदी ने निजी वार्ता से पहले टेलीविजन पर दिए गए अपने बयान में हमले को लेकर पुतिन की सार्वजनिक रूप से आलोचना की और कहा कि 'जब निर्दोष बच्चों को मारा जाता है, जब हम निर्दोष बच्चों को मरते हुए देखते हैं, तो यह दिल दहला देने वाला होता है।'

रिपोर्ट में आगे कहा गया, जहां पीएम मोदी गर्मजोशी और गले मिलने की कूटनीति के लिए प्रसिद्ध हैं। वहीं, चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन को हाथ मिलाने के लिए ज्यादा जाना जाता है।

शायद यही कारण है कि ये तस्वीरें अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में आ गई हैं। इससे यूक्रेन के खिलाफ पुतिन की आक्रामक नीति को संभव बनाने में बीजिंग और नई दिल्ली की भूमिका की जांच करने के लिए वाशिंगटन और उसके सहयोगी देशों को प्रेरित किया है।

इसमें यह भी कहा गया, अमेरिका में नाटो शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर यह चर्चा हो रही थी कि यूक्रेन की युद्ध जीतने में कैसे मदद की जाए। वहीं दूसरी ओर, उसी समय मोदी मॉस्को में मौजूद थे।

# अमेरिका में दिखेगी राम मंदिर की झलक

**वाशिंगटन।** भारत के स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अमेरिका में एक परेड होने वाली है। न्यूयॉर्क में भारत दिवस के मौके पर 18 अगस्त को होने वाली परेड में लोगों को एक खास झांकी देखने को मिलेगी। दरअसल, इसमें राम मंदिर की प्रतिकृति प्रदर्शित की जाएगी। इसमें शहर और उसके आसपास से हजारों भारतीय-अमेरिकी शामिल होंगे।

प्रवासी भारतीयों की अग्रणी संस्था फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन एनवाई-एनजे-सीटी-एनई (एफआईए) ने यहां भारतीय महावाणिज्य दूतावास में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि 18 अगस्त को होने वाली 42वीं वार्षिक भारत दिवस परेड में विशेष राम मंदिर की झांकी का प्रदर्शन किया जाएगा।

एफआईए ने बताया कि प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता पंकज त्रिपाठी परेड में मुख्य अतिथि होंगे। यह परेड न्यूयॉर्क शहर के लोकप्रिय मैडिसन एवेन्यू से होकर गुजरेगी और इसमें हजारों भारतीय प्रवासी शामिल होंगे।



## भारत की महान संस्कृति का प्रदर्शन

**क्या है भारत दिवस परेड ? :** भारत दिवस परेड का आयोजन हर साल फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन की ओर से आयोजित किया जाता है। भारतीय स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यह भारत से बाहर होने वाला बड़ा आयोजन माना जाता है। इस परेड में विभिन्न भारतीय-अमेरिकी समुदायों और संस्कृति की विविधता का प्रतिनिधित्व करने वाली दर्जनों झांकियां न्यूयॉर्क की सड़कों पर देखी जाती हैं। इस दौरान भारतीय लोग झांकियों का सड़क पर स्वागत करते हैं और तिरंगा लहराते हैं।

न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत बिनय प्रधान ने कहा कि वाणिज्य दूतावास परेड का समर्थन करेगा और न्यूयॉर्क तथा अमेरिका में भारत की महान संस्कृति का प्रदर्शन करेगा।

**इतनी लंबी होगी प्रतिकृति :** एफआईए के अध्यक्ष डॉ. अविनाश गुप्ता ने बताया कि इस बार परेड की थीम 'वसुधैव कुटुम्बकम' है। उन्होंने कहा कि इस साल परेड में 18 फुट लंबी, नौ फुट चौड़ी और आठ फुट ऊंची राम मंदिर की भव्य प्रतिकृति शामिल होगी। यह पहली बार होगा जब राम मंदिर की प्रतिकृति अमेरिका में प्रदर्शित की जाएगी। यह कदम भारतीय समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक पल होगा।

वाणिज्य दूतावास में आयोजित कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद अमेरिका, बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) और सिद्धिविनायक मंदिर के प्रतिनिधियों ने राम मंदिर की छोटी प्रतिकृति का अनावरण किया। बता दें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल जनवरी में अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन किया था।

**कई बड़ी हस्तियां होती हैं शामिल :** भारत दिवस परेड आमतौर पर मिडटाउन न्यूयॉर्क में ईस्ट 38वीं स्ट्रीट से ईस्ट 27वीं स्ट्रीट तक जाती है। इसे देखने के लिए 1.50 लाख से ज्यादा लोग आते हैं।

# उपराष्ट्रपति हैरिस ने डोनाल्ड ट्रंप पर लगाए गंभीर आरोप

## कहा- वह लोकतंत्र को तानाशाही में बदलना चाहते हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिका में पांच नवंबर को चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में सभी राजनीतिक दल अपने प्रचार प्रसार में लगे हुए हैं। यहां राष्ट्रपति पद के लिए दो नेताओं जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच कड़ा मुकाबला है। दोनों ही प्रतिद्वंद्वी एक दूसरे पर हमलावर हैं। इस बीच, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने एक बार फिर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी के संभावित उम्मीदवार ट्रंप अमेरिकी लोकतंत्र को तानाशाही में बदल देंगे।

### एएएनएसपीआई किया लॉन्च

हैरिस ने लास वेगास में बाइडन-हैरिस के लिए एक एएएनएसपीआई (अअठलढक) लॉन्च किया है। यह एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जो देश भर में एशियाई अमेरिकी, मूल हवाईयन और प्रशांत द्वीप समूह (एएनएसपीआई) मतदाताओं, समुदायों और नेताओं को




एक साथ एक मंच पर लाएगा।

इस दौरान उन्होंने कहा, 'डोनाल्ड ट्रंप हमारे लोकतंत्र को तानाशाही में बदलना चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मूल रूप से घोषणा की है कि वह इससे बच सकते हैं।'

### ट्रंप लगाए गंभीर आरोप

हैरिस ने आरोप लगाया कि ट्रंप के सलाहकारों ने 900 पन्नों का एक खाका तैयार किया है। इसे प्रोजेक्ट 2025 बताया जा रहा है। इसमें दूसरे कार्यकाल में उनके द्वारा की जाने वाली अन्य सभी योजनाओं का ब्योरा है, जिसमें सामाजिक सुरक्षा में कटौती, इंसुलिन पर 35 अमेरिकी डॉलर की सीमा को हटाना, शिक्षा विभाग और हेड स्टार्ट जैसे कार्यक्रमों को समाप्त करना शामिल है।

उन्होंने आगे कहा, 'प्रोजेक्ट 2025 में गर्भनिरोधक तक पहुंच को सीमित करने और संसद के एक अधिनियम के साथ या उसके बिना देश भर में गर्भपात पर प्रतिबंध लगाने की योजना की रूपरेखा तैयार की गई है। यदि इसे लागू किया जाता है, तो यह योजना ट्रंप द्वारा प्रजनन स्वतंत्रता पर नया हमला होगा।'

### महिलाओं को पता है उनका हित

उपराष्ट्रपति ने लोगों की तालियों की गूंज के बीच कहा, 'कोई गलती न करें, अगर ट्रंप को मौका मिलता है तो वह हर एक राज्य में गर्भपात को गैरकानूनी घोषित करने के लिए राष्ट्रीय गर्भपात प्रतिबंध पर हस्ताक्षर करेंगे। लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। हम ऐसा नहीं होने देंगे क्योंकि हम महिलाओं पर भरोसा करते हैं। हम जानते हैं कि महिलाएं जानती हैं कि उनके अपने हित में क्या है और उन्हें सरकार द्वारा यह बताए जाने की जरूरत नहीं है कि उन्हें अपने शरीर के साथ क्या करना है।'

## निगम की 1702 दुकानों का मामला
# व्यापारी मिले प्रभारी मंत्री अरुण असीम से
### व्यापारियों का नेतृत्व भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने किया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री व जनपद प्रभारी असीम अरुण के गाजियाबाद आगमन पर व्यापारियों ने भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में उनसे मुलाकात कर नगर निगम की 1702 दुकानों का लम्बे अर्से से किराए को लेकर चले आ रहे विवाद से उन्हें अवगत कराया। मंत्रीजी को जानकारी दी गई कि दुकानों के विवाद का हल निकालने के लिए जो कमेटी गठित की गई थी उसमें पांच नगर निगम के अधिकारी और 6 व्यापारी सम्मिलित थे। दो बार मीटिंग होने के बाद भी अधिकारियों द्वारा कहा गया कि हम सिर्फ इसमें नुमाइंदे हैं जो निर्णय लिया जाएगा वह नगर आयुक्त और मेयर के द्वारा ही लिया जाएगा, हमारा समिति में और कोई रोल नहीं है।

व्यापारियों ने प्रभारी मंत्री से कहा कि जब अधिकारियों का समिति में कोई रोल नहीं था तो यह समिति बनाई क्यों गई थी। व्यापारियों को पहले तो नगर निगम मेयर चुनाव को लेकर, बाद में लोकसभा चुनाव के बाद समाधान निकालने को कहकर बार-बार व्यापारियों को गुमराह किया गया और स्थिति को भ्रामक बनाए रखा गया। व्यापारियों ने प्रभारी मंत्री से पूछा कि यदि किसी भी मुद्दे पर कोई निर्णय नहीं होना था तो समिति गठित करने का औचित्य ही क्या रह जाता है। प्रभारी मंत्री को व्यापारियों ने बताया कि आज तक इस प्रकरण में किसी भी तरह का कोई निर्णय नहीं निकला। पाड़ित व्यापारियों का कहना था कि सभी जनप्रतिनिधि और भाजपा के संगठन के सभी उच्च पदाधिकारियों से मुलाकात करने के बाद केवल आश्वासन के अलावा व्यापारियों को कुछ नहीं मिला।

इस मौके पर सुरेश महाजन राकेश स्वामी राजेश बंसल संजीव लाहोरिया विजय वीज शरद मित्तल जयप्रकाश तुषार शर्मा और राजू छाबड़ा उपस्थित रहे

#### व्यापारी नियमानुसार किराया देने को तैयार है मगर सही निर्णय तो हो

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक द्वारा व्यापारियों से कहा गया है कि किराया 20–25 परसेंट ही कम हो सकता है जबकि व्यापारी किराया जब से नहीं बढ़ाया गया तब से लेकर आज तक हर 5 साल बाद 12 :50% लगाकर देने के लिए तैयार हैं और हर 5 साल बाद 12 :50 परसेंट बढ़ाने का विधान रखें तो इसे व्यापारी सहर्ष स्वीकार करेगा। व्यापारी इतना सक्षम नहीं है कि नगर निगम को 18000/12000/8000 महीना दे सके। व्यापारियों की समस्या सुनकर प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों से वार्ता कर जल्द समाधान निकालने का आश्वासन दिया।

# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शुरू की 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ मुहिम

## स्वास्थ्य योद्धाओं ने संभाली कमान, आंतरिक वार्डों में चल रहा अभियान

### स्वच्छ शहर स्वस्थ नागरिक संदेश के साथ शहरवासियों से की स्वच्छता की अपील

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर अब नगर निगम नेआंतरिक वार्डों में भी स्वच्छता की मुहिम शुरू कर दी है जिसके तहत नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम घर-घर जाकर शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश दे रही है। ' सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ' का संदेश जन जन तक पहुंचाया जा रहा है।

नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम शासन के आदेश के क्रम में शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहा है, मुख्य मार्गों के साथ-साथ आंतरिक वार्डों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समस्त स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा स्वच्छ भारत मिशन की टीम जन सहभागिता से सफाई की प्रति निवासियों को जागरूक कर रही है। शासन की गाइडलाइन के अनुसार कार्य चल रहा है, एंटी लारवा का छिड़काव नालियों में किया जा रहा है, नालियों की पूर्ण रूप से सफाई की जा रही है , नियमित हर घर से कूड़ा कलेक्शन का कार्य भी रफ्तार से चल रहा है।



स्वास्थ्य विभाग एसबीएम की टीम द्वारा पांचों जोन में वार्डों की आंतरिक गलियों में सफाई कराई गई। सफाई मित्रों द्वारा झाड़ू लगाकर नालियों को भी साफ किया गया तथा मौके पर एंटी लारवा का छिड़काव किया गया। इसी के साथ टीम द्वारा नागरिकों को साफ रहने का संदेश देने के साथ ही स्वच्छ शहर स्वस्थ नागरिक का संदेश दिया गया। वार्ड संख्या 02 विजयनगर जोन के अंतर्गत अभियान चला, जिसमें लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया।

वार्ड संख्या 40 वसुंधरा जोन अंतर्गत झंडापुर के स्कूलों में विद्यार्थियों को सफाई का संदेश दिया गया, वार्ड संख्या 59 सिटी जोन अंतर्गत हर घर को कचरा पृथक्करण के लिए जागरूक किया गया, वार्ड संख्या 86 मोहननगर जोन के निवासियों को भी स्वच्छता के साथ-साथ स्वास्थ्य का महत्व बताया गया। कवि नगर जोन अंतर्गत वार्ड 71 में भी अभियान के रूप में सफाई कराई गई तथा स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस सारी प्रक्रिया में स्वास्थ्य योद्धाओं की विशेष भूमिका देखने को मिल रही है, नगर आयुक्त द्वारा भी शहर वासियों से खुद को स्वस्थ रखने के लिए स्वच्छता अपनाने की अपील की गई है।

# निगम ने फिर कसा अवैध डेयरियों पर शिकंजा नालों में गोबर बहाने पर होगी कार्रवाई

## मोहननगर के पसोंडा में चला अभियान, 1 लाख 10 हजार का वसूला जुर्माना





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अब शहर में अवैध रूप से डेयरियों का संचालन करना आसान नहीं होगा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर नगर निगम अवैध डेयरियों पर शिकंजा कसने जा रहा है।

निगम का उप मुख्य पशु चिकित्सा व कल्याण विभाग डेयरियों पर सख्त कार्रवाई करने में जुट गया है, जिसमें संचालकों को गंदगी न फैलाने तथा नालों में गोबर ना बहाने के लिए हिदायत दी जा रही है, मोहननगर जोन अंतर्गत अभियान चलाया गया जिसमें तीन डेयरियों पर कार्रवाई की गई जो नाले में अवैध रूप से गंदगी और गोबर बहाने का कार्य कर रही थीं कार्रवाई के दौरान 1,लाख 10 हजार का जुमार्ना भी वसूला गया। उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज कुमार सिंह ने बताया कि मोहननगर जोन के पसोंडा क्षेत्र के निवासियों द्वारा कई बार अवैध रूप से चल रही डेयरियों की गंदगी फैलाने की शिकायत प्राप्त हुई, उन्हें समय-समय पर नोटिस भी जारी किए गए। निगम की टीम के द्वारा अभियान चलाया गया, पशुओं को भी पकड़ा गया तथा जुर्माना वसूलने के उपरांत पशुओं को छोड़ दिया गया।

गोबर को खुले में ना बहाने की हिदायत भी दी गई। मौके पर अभियान के दौरान प्रवर्तन दल की टीम तथा पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉक्टर आशीष त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

# महानगर महिला कांग्रेस ने शहीद जवानों की आत्मिक शांति के लिए निकाला कैंडल मार्च



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में हुए कायराना आतंकी हमले में चार बहादुर जवानों की शहादत और कई जवानों के घायल होने का समाचार अत्यंत दुखद है। महानगर महिला कांग्रेस ने इस दुखद घटना की निंदा करते हुए अध्यक्ष सोनल नागर के नेतृत्व में शहर में मोमबत्ती मार्च निकाल कर अपने शहीद जवानों की आत्मिक शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और आतंकियों की इस कायराना हरकत की धोर निंदा करते हुए केंद्र सरकार से आतंकियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की।

इस अवसर पर महिला कांग्रेस की महानगर अध्यक्ष सोनल नागर ने कहा कि जब कभी भी देश पर संकट के बादल गहराये हैं हमारे सैनिकों ने किसी भी संकट का डटकर मुकाबला किया है। यहां तक कि देश की सुरक्ष और अस्मिता के लिए अपने प्राणों तक का बलिदान करने में एक पल की भी देर नहीं की।

सोनल नागर ने केंद्र सरकार से आतंकी गतिविधियों के विरुद्ध कठोर निर्णय लेने की अपील करते हुए शहीद परिवारों को यथासंभव मदद करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि हम और यह देश अपने इन शहीद सैनिकों के इस सर्वोच्च बलिदान के लिए सदैव उनका ऋणी रहेगा। महानगर महिला कांग्रेस ने कहा है कि हिंसा और आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट है और एक स्वर में इस मानवता विरोधी कृत्य की हम सख्त निंदा करते हैं। इस मौके पर कशिश गुज्जर, कामाक्षी , वर्षा गौतम, गीतिका,प्रिया, रेखा मौजूद रहीं।

#### रणबांकुरों की शहादत का देश ऋणी रहेगा : सोनल नागर

**करंट क्राइम।** सोनल नागर ने कहा है कि इस आतंकी घटना में शहीद हुए आदर्श नेगी,नायब सूबेदार आनन्द सिंह, नायक विनोद सिंह हवलदार कमल सिंह और रायफलमैन अनुज नेगीका बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा। सोनल नागर ने कहा कि हमारे रणबांकुरों ने भारत माता के चरणों में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया है। उन्होंने कहा है कि इस तरह का कायरतापूर्ण हमला करने वाले आतंकवादी मानवता के सबसे बड़े दुश्मन हैं और ऐसे दुश्मनों किसी भी सूरत में बख्शना नहीं चाहिए।

# समाजसेवी बालकिशन गुप्ता व सुनहरी चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया पौधरोपण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई मुहिम 'एक पेड़ मां के नाम'के अंतर्गत राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता बालू भाई एवं सुनहरी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कविनगर में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। मुहिम के तहत करीब 31 फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए जिनकी देखभाल की जिम्मेदारी राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने ली। इस मौके पर मुख्य रूप से बालकिशन गुप्ता बालू भाई सुनहरी चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष ज्योति तोमर, नीता भार्गव, पंडित के के शर्मा, पंडित अशोक भारतीय, रोहित, मनीष, कुसुम शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि शर्मा एंड कंपनी के खास फोटो वाले पंडित जी को जब लिया नगर निगम ने टारगेट पर? तब भगवा कमांडर को अच्छी नहीं लगी ये बात? अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों वाली मीटिंग में उन्होंने अधिकारी से कर दिया था स्पष्ट? कहा था कर दो उस अधिकारी का तबादला, जिसकी वजह से हुआ है हमारे कार्यकर्ता को कष्ट? कहने वाले ने कहा इस मुद्दे पर काफी मजबूत थी कमांडर की दखल? असर ये हुआ कार्यवाही करने वाले अधिकारी का अब विभाग दिया गया है बदल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब प्रभारी मंत्री के सामने भाजपा कार्यकर्ता पुलिस प्रशासन के खिलाफ उठा रहे थे आवाज? तब यहां पर भगवा झा ने कुछ अलग ही रखी बात? उन्होंने पार्टी के एक बड़े जनप्रतिनिधि की नहीं ली फेवर? विरोध के दिखा दिये मंत्री जी के सामने तेवर? कहा मैंने अपने कुछ जानकारों को भेजा था जनप्रतिनिधि के पास? उन्होंने बिल्कुल भी नहीं डाली हमारी सिफारिश पर घास? उनका व्यवहार नहीं था बिल्कुल भी हमारे लोगों से ठीक? यहां अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों को भी होना पड़ेगा कार्यकर्ता के लिए ठीक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि लोनी क्षेत्र के साईकिल वाले गुर्जर नेता के स्पेशल वाले वॉटर विसर्जन की हो रही है इन दिनों चर्चाएं आम? लेने वाले ले रहे हैं उनकी विसर्जन वाली बातों को नहीं आम? कह रहे हैं उन्होंने धार्मिक पौधे को लेकर कही थी स्पेशल वॉटर विर्सजन की बात? ये बात हमको बिल्कुल भी ठीक नहीं साहब? उन्होंने ऐसा करके पहुंचाई है हमारी भावनाओं को चोट? हम बिल्कुल भी नहीं करेंगे अब राजनीति में आगे से उनको सपोर्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर के प्रिय क्रान्तिकारी त्यागी जी ने करा दिया अपनी ताकत का एहसास? हमने देखा ताकतवर राजभर जी आशीर्वाद देने पहुंचे थे उनके घर पर साहब? मुलाकात करा रही थी मजबूत संबंधों का एहसास? हमें हो रहा था महसूस, जब भविष्य में नगर निगम के चुनाव आयेंगे? तब ये संबंध जलवा दिखायेंगे खूब? नहीं रहेगी उस वक्त त्यागी जी के लिए स्थितियां विकट? कोई करे ना करे मगर राजभर जी के आशीर्वाद से उनका होकर रहेगा टिकट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आप तक पहुंचा रहा हूं अंदर वाला पैगाम? नामित पार्षद वाली लिस्ट में जुड़ गया है एक त्यागी और एक ब्राह्मण चेहरे का नाम? संजय की दृष्टि से जिसने लगायी हुई है इस पद पर नजर? सुना है उनकी कर ली है भगवा कमांडर ने फिक्र? कुछ ऐसा ही स्वर की मधु बहाने वाले त्यागी जी के भी हुआ है साथ? काफी हद तक नामित वाले मामले में इनकी बन गई है बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा किसान वाले भारद्वाज का जारी है स्वेग? वो जब भी कहीं जाते हैं तो अपनी तारीफों के खुद ही लगाते हैं टैग? पूरे काम से ईश्वर की तमन्ना रखने वाले त्यागी जी से कर रहे थे वो अपने जलवों की बात? कह रहे थे मेरे घर से निकलते ही चार प्रोग्राम तैयार रहते हैं? मुझे राजनीति खूब भा रही है साहब? पार्टी में लगातार बढ़ रही है मेरी वरियता? इसे माना जाना चाहिए अब मेरी लोकप्रियता?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा ककक....करन आजकल बांट रहे हैं बहुत ज्यादा ज्ञान वाला प्रसाद? हमने सुना वो कर रहे थे वीरता दिखाने वाले त्यागी जी के ब्रदर से बात? कह रहे थे मेरा है राजनीति को लेकर यही संदेश? अगर सक्रिय राजनीति करनी है तो फिर लगातार दिखाई देता रहना चाहिए हमारा फेस? अगर आ रहे हो लगातार नजर, तभी है तुम्हारा उद्धार? नहीं तो छोड़ दो राजनीति को, क्योंकि बिना नजर आये राजनीति करना है बेकार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं था मुरादनगर के मतदाता सम्मान कार्यक्रम में मौजूद? मुझे यहां पर नहीं दिख रहा था महानगर के कुल में दीप जलाने वाले त्यागी जी, गूंज मचाने वाले शर्मा जी, दुहाई देने वाले चौधरी साहब और बेहतरीन स्क्रिप्ट राईटर मास्टर जी का वजूद? कहने वाले ने कहा कुछ तो रही होगी किसी के द्वारा इग्नोर करने वाली बात? नहीं तो आखिर इतनी बड़ी संख्या में कोई क्यों दूरी बनायेगा साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा ककक.... करन समझ गये हैं राजनीति का मंत्र? उन्हें हो गया है एहसास? कार्यालय से ज्यादा अन्य प्रोग्रामों में दिखाना चाहिए सक्रियता का स्टंट? हमने देखा उनके नहीं हो रहे थे बहुत दिनों से पार्टी कार्यालय पर दीदार? जब हुई प्रभारी मंत्री की गाजियाबाद में एन्ट्री, तब निकले वो घर से बाहर? यहां पर उन्होंने अपनी अपडेटिड सक्रियता का दे दिया संदेश? करा दिया एहसास, राजनीति में जहां जरूरी हो वहीं दिखाना चाहिए अपना सांवला सलोना फेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ की महिला नेता क्यों नहीं कर पा रही है खुल कर दावेदारी? ये बात हमको है नहीं बिल्कुल भी समझ आ रही? कहने वाले ने कहा किसी तो महिला नेता को दिखाना चाहिए शक्ति प्रदर्शन? हमें पता है बहुत सारी बहने यहां पर विधायक बनकर कर सकती है मजबूत प्रदर्शन? मगर यहां पर आगे आकर किसी ना किसी बहन को करना होगा शक्ति प्रदर्शन?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# पीयूष कुमार बने एडीसीपी गाजियाबाद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** एडीसीपी गाजियाबाद वीरेंद्र कुमार को लखनऊ के उपसेनानायक पहली



वाहिनी एसएसएफ भेजा गया है। पीयूष कुमार सिंह पीटीएस सुल्तानपुर से एडीसीपी गाजियाबाद बनाए गए हैं। देवेश कुमार शर्मा एडिशनल एसपी ट्रैफिक मथुरा से यूपीपीसीएल मुख्यालय भेजे गए। मनोज कुमार यादव पुलिस अकादमी मुरादाबाद से एसपी मथुरा बनाए गए है और कृष्णकांत सरोज एडीसीपी वाराणसी से एडिशनल एसपी ग्रामीण बदायूं बनाए गए हैं। लिस्ट के मुताबिक प्रवीण सिंह चौहान को अपर पुलिस अधीक्षक कुंभ मेला बनाया गया है वो अब तक 4वीं वाहिनी पीएसी के उपसेनानायक पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उनकी जगह अपर पुलिस अधीक्षक, अपराध मेरठ के अमित कुमार को प्रयागराज भेजा गया है जो इसकी जिम्मेदारी संभालेंगे।

उपसेनानायक गोरखपुर 2वीं वाहिनी, एसएसएफ अवनीश कुमार का ट्रांसफर गोरखपुर से मेरठ कर दिया गया है। वो अपर पुलिस अधीक्षक अपराध मेरठ बनाए गए हैं। असीम चौधरी जालौन से पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक कुंभ मेला बनाया गया हैं।

असीम चौधरी अभी तक जालौन में अपर पुलिस अधीक्षक पद पर तैनात थे। वहीं प्रदीप कुमार वर्मा को एसएसएफ लखनऊ से अपर पुलिस अधीक्षक जालौन बनाया गया है।

## सरदार एसपी सिंह ने केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को दी जन्मदिन की बधाई



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अल्पसंख्यक आयोग उ०प्र० के पूर्व सदस्य व भाजपा गाज़ियाबाद महानगर के पूर्व संयोजक सरदार एसपी सिंह ने बुधवार को भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को उनके निवास पर पुष्पगुच्छ भेंट कर जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दीं। सरदार एसपी सिंह ने कहा कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का गाज़ियाबाद के नागरिकों से विशेष स्नेह रहता है और सभी कार्यकर्ताओं से वह विशेष लगाव रखते हैं और उन्हें पर्याप्त सम्मान भी देते हैं ।

# व्यापारियों ने वित्तमंत्री को संबोधित ज्ञापन सांसद अतुल गर्ग को सौंपा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला एवं महानगर उद्योग व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल नवनिर्वाचित सांसद अतुल गर्ग से उनके निवास पर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय वित्त मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सांसद अतुल गर्ग को सौंपते हुए वित्तमंत्री सीतारमण से इलाहबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को लागू कराने की मांग की है जिसमें कोर्ट द्वारा जीएसटी अधिकारियों को अपनी जांच और कार्यशैली में सुधार करने के आदेश दिए हैं। व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में कहा है कि जीएसटी अधिकारियों की कार्यशैली से व्यापारी वर्ग को आर्थिक नुकसान के साथ साथ मानसिक प्रताड़ना भी झेलनी पड़ती है।सांसअ अतुल गर्ग से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष राम किशोर अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष गोपीचंद , महानगर महामंत्री अशोक चावला एवं युवा व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री राजदेव त्यागी उपस्थित रहे ।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वालिद साहब हमेशा चाहते हैं कि उनके साहबजादे तंदुरस्त रहें और शोहरत हासिल कर खानदान का नाम रोशन करें। आसियान मलिक के हैप्पी बर्थडे पर उनके परिजनों ने,उनके वालिद साहब जावेद मलिक ने उन्हें यौम ए पैदाइश की तहेदिल से मुबारकबाद दी। ये दुआ की कि अल्लाह आसियान को लम्बी उम्र, कामयाब मुस्तकबिल व अच्छी सेहत अता फरमाए। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।